तापमान

अधिकतम 32.6 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024



13 टर्मिनल से यात्रियों को फ्लाइट तक पहुंचाने...



14 स्वीमिंग पूल में एनआईटी के छात्र की डूबने से मौत




# सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में अब रहेंगे सफाई कर्मचारी, कूड़े को एकत्र करने बना कलेक्शन पॉइंट

## स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में मिलेगी ऑन बोर्डिंग हाउस कीपिंग स्टाफ की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

कोच से गायब सफाई कर्मचारियों की सूची, दौड़ रही गंदी ट्रेन के शीर्षक से 6 जून को हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसमें ट्रेनों में नियमित सफाई नहीं होने के साथ-साथ शौचालय से लेकर बेसिन तक गंदगी से यात्रियों की परेशानी को उजागर किया था। पूरे मामले में अब रेलवे ने ट्रेनों में सफाई का नया सिस्टम बनाया है, जिसके बाद यात्रियों की शिकायत अब खत्म हो जाएगी। रायपुर व बिलासपुर स्टेशन पर क्लीन ट्रेन स्टेशन व मंडल से चलने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेनों में ऑन बोर्डिंग हाउस कीपिंग स्टाफ की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। बता दें कि ट्रेन के चलने के दौरान ही कोचों की सफाई की सुविधा के लिए ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सेवा, ओबीएचएस प्रदान की जाती है। नई व्यवस्था से सफाई कराने के लिए यात्रियों को टीटीई या फिर रेलवे बोर्ड को ट्विट करने की आवश्यकता नहीं होगी। कोच में स्टाफ के जरिए ट्रेन की गंदगी को साफ कराया जा सकता है। यह सुविधा एसी कोच के साथ स्लीपर में भी मिलेगी।

### कचरों के लिए गार्बेज कलेक्शन पॉइंट

लंबी दूरी के ट्रेनों में कचरा एकत्र हो जाता है, जिसकी बदबू के बीच यात्रियों को सफर करना पड़ता है। इसके लिए अब कचरे को एकत्र करने के लिए विभिन्न स्थानों पर गार्बेज कलेक्शन पॉइंट बनाया बनाए गए हैं। बड़े स्टेशनों पर पाइंट बनाया है, ताकि न केवल रेल गाड़ियों व रेल परिसर में सफाई बनी रहे, बल्कि रेल पटरियों के किनारे भी सफाई व्यवस्था बनी रहे। ट्रेनों व स्टेशनों में स्वच्छता मानकों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने नियमित रूप से अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके साथ ही सभी पेंट्रीकार एवं फूड स्टाल संचालकों को स्वच्छता मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने का सख्त निर्देश दिया गया है।

**शिकायत मिलने पर चलती ट्रेन में तत्काल सफाई करेगा स्टाफ**



कोच से गायब सफाई कर्मचारियों की सूची दौड़ रही गंदी ट्रेन

### एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में भी सुविधा

जोन की एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऑन बोर्डिंग हाउस कीपिंग स्टाफ की सुविधा मिलेगी। आमतौर पर रायपुर से गुजरने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के साथ संपर्क क्रांति, सारनाथ, सिकंदराबाद व गोंडवाना एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में गंदगी की शिकायत रहती है। पहले यात्रियों की शिकायत पर स्टेशन में ट्रेन के पहुंचने के बाद स्टाफ सफाई करता था। यह सुविधा केवल बड़े स्टेशनों पर मिलती है, लेकिन अब चलती ट्रेन में स्लीपर कोच में सफाई हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### चाकू से किया हमला मोबाइल लूटकर भागे

**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र के शंकर नगर में सोमवार तड़के बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक की जांघ पर चाकू से वार कर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक, पेशे से ड्राइवर लोमेश कुमार ने लूट तथा चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। लोमेश ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह तड़के 5 बजे अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था, आरोग्य अस्पताल के पास बदमाशों ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की और मोबाइल लूट लिया। भाग रहे एक बदमाश को लोमेश ने पकड़ने की कोशिश की। तब बदमाश ने उसकी जांघ पर चाकू से हमला कर दिया।

### पान दुकान में धावा 15 हजार की चोरी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक पान दुकान संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ डेढ़ हजार रुपए कैश समेत 15 हजार रुपए के सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, तेलीबांधा गली नंबर 4 में पान दुकान संचालित करने वाले शंकर आसुदानी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। शंकर ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसकी दुकान का टीन शेड काटकर दुकान के अंदर प्रवेश किया और दुकान में रखे कास्मेटिक आयटम, सिगरेट तथा कैश पर हाथ साफ कर दिया।

### ट्रक की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक चालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, ट्रक की चपेट में आने से धरसींवा निवासी मोहन सिंह भलावी की मौत हुई है। वह अपनी बाइक से जा रहा था। इसी दौरान ट्रक सीजी-07 सी-5301 के चालक ने लापरवाही से ट्रक चलाते हुए मोहन की बाइक को ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर लगने से बाइक सवार गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### मरीज के ड्राइवर ने बैग से चोरी किए 49 हजार

**रायपुर।** खम्हारडीह थाने में भाटापारा के एक व्यक्ति ने अपने ड्राइवर के खिलाफ 49 हजार रुपए चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, विशाल भुसारिया ने हेमंत यादव के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। विशाल ने पुलिस को बताया कि वह 10 जुलाई को उपचार कराने खम्हारडीह स्थित एक निजी अस्पताल आया था। इस दौरान उसके वाहन चालक ने बैग से रुपए चोरी कर लिए।

## आबकारी विभाग ने जिले में फिर अहातों का ठेका निरस्त किया, अब रीटेंडर

# अहातों से ठेकेदार आहत, 94 लाख तक गई थी बोली खर्च नहीं निकला इसलिए फीस नहीं दी, 15 ठेके रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अहाता चलाना आमदनी अठन्नी खर्चा रुपया जैसा हो गया है। इसके कारण रायपुर जिले में 15 अहाता ठेकेदारों ने प्रतिभूति राशि एवं लाइसेंस फीस जमा नहीं की है, जिसके कारण आबकारी विभाग ने इन अहातों का ठेका निरस्त कर दिया है। साथ ही इन ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। जिन ठेकेदारों का अहाता अनुबंध निरस्त किया है, उन सभी की जमानत राशि भी जब्त कर ली गई है।

### 15 अहातों का टेंडर निलंबित

प्रतिभूति राशि एवं लाइसेंस फीस जमा नहीं करने के कारण 15 अहातों का ठेका निलंबित किया गया है। इनके लिए रीटेंडर किया जाएगा। जिन अहातों का ठेका निलंबित किया है, उन ठेकेदारों की जमा राशि जब्त कर ब्लैक लिस्टेड किया है।

- विकास गोस्वामी, उपायुक्त, आबकारी रायपुर

### इन अहातों का ठेका निरस्त

- देशी गंजपारा कम्पोजिट
- देशी मोवा पंडरी
- देशी कम्पोजिट नेवरा
- देशी खरोरा
- देशी आरंग
- विदेशी सिलतरा
- कम्पोजिट गुल्लू
- विदेशी कुर्रा गुढ़ियारी
- देशी कम्पोजिट ग्राम टंडवा बैकुंठ
- देशी कम्पोजिट लखौली
- विदेशी लालपुर
- देशी रिंग रोड नं.2
- विदेशी जीई रोड
- विदेशी रायपुरा
- विदेशी सरोना मार्ग रायपुरा

### *लाइसेंस फीस के साथ जमा करनी थी प्रतिभूति राशि*

*आबकारी विभाग की शर्तों के अनुसार अहाता का ठेका 11 माह मई 2024 से अप्रैल 2025 तक के लिए दिया गया था। अहाता के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे, जिसकी शर्त के अनुसार अहाता चलाने के लिए लाइसेंस फीस के साथ प्रतिभूति राशि यानी जितनी राशि में ठेका लिया है, उस राशि को ठेकेदार को 11 माह में विभाजित कर प्रत्येक माह जमा करना था। शुरुआत में ठेकेदार को एक साथ दो महीने की राशि जमा करनी थी।*



अहाता के बाद भी शराब दुकानों के आसपास संचालित हो रहे चखना सेंटर

### एक माह की लागत भी नहीं निकल पाई कई ठेकदारों पर चढ़ा कर्ज, हुए गायब

अहाता से लाखों रुपए कमाने का सपना देखकर ठेका लेने वाले कई ठेकेदार विभाग की रिकवरी के नाम से गायब हो चुके हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिन अहातों का ठेका निरस्त किया गया है, इनमें ज्यादातर ठेकेदारों ने दो से तीन गुना अधिक बोली लगाकर अहाता लिया है। अहाता में कमाई कम होने के कारण एक माह की लागत भी निकाल नहीं पाए हैं। वहीं कई ऐसे भी हैं जिन्होंने कर्ज लेकर व पार्टनरशिप में ठेका लिया था। ऐसे में अब ठेकेदारों के पास विभाग को पैसा देने के लिए पैसे ही नहीं है। इस कारण वे गायब हो गए हैं।

### *56 का हुआ था टेंडर, इनमें 5 अहाता 56 लाख से 94 लाख तक बिके थे*

*रायपुर जिले में 56 देशी-विदेशी शराब दुकानों के पास अहाता खोलने का टेंडर हुआ था। अहातों का टेंडर बोली पद्धति से हुआ था। विभाग ने इसके लिए सभी अहातों का अधिकतम मूल्य निर्धारित किया था। इस निर्धारित मूल्य से अधिकतम बोली लगाने वाले को अहाता ठेका* ▶▶| शेष पेज 13 पर

### *जमा राशि जब्त के बाद भी कई ठेकेदारों पर निकल रही बड़ी राशि*

*ठेका मिलने के बाद कई ठेकेदारों ने दो माह की जगह एक माह की ही राशि जमा कराई है, वहीं कई ठेकेदारों ने पिछले दो माह से राशि ही जमा नहीं कराई है। ऐसे में इन ठेकेदारों की जमा राशि जब्त करने के बाद भी उन पर बड़ी राशि बकाया है, जिसकी वसूली की जानी है।*

### *निरस्त करने दूसरी सूची हो रही तैयार*

*विभागीय सूत्रों के अनुसार 56 में 15 अहातों का ठेका निरस्त कर दिया गया है, वहीं एक और सूची तैयार की जा रही है, जिसमें करीब 8 से 10 अहातों के नाम शामिल हैं। इन अहातों के ठेकेदारों ने भी जुलाई में निर्धारित राशि जमा नहीं कराई है। विभाग द्वारा लगातार इन ठेकेदारों को राशि जमा करने कहा जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि राशि जमा नहीं करने पर इन अहातों का ठेका भी निरस्त किया जा सकता है।*

### *विभाग की बढ़ी परेशानी*

*ठेका निरस्त होने के बाद विभाग की परेशानी और बढ़ गई है। एक ओर जहां विभागीय अधिकारियों को निरस्त किए गए अहातों के लिए रीटेंडर निकालने की तैयारी में जुटना पड़ेगा, वहीं दूसरी ओर ठेकेदारों से पैसा रिकवरी करने की भी जिम्मेदारी रहेगी।*

# गैंगस्टर अमन के गुर्गों तक नहीं पहुंचे पुलिस के हाथ, एमपी में दी दबिश

## कारोबारी ग्रुप को झारखंड में मिली सिक्योरिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप



स्टेशन से दिल्ली रूट की ट्रेन से भागे शूटर्स, तीन राज्यों में तलाश करने टीमें रवाना

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के रिंगरोड पर शनिवार को गैंगस्टर अमन साव तथा मयंक सिंह के गुर्गों द्वारा फायरिंग की घटना को अंजाम देने की घटना के बाद पुलिस को बदमाशों के संबंध में अब तक कई महत्वपूर्ण क्लू मिल चुके हैं, पर शूटर्स पकड़ से अभी भी दूर हैं। पुलिस के अनुसार अमन को पूछताछ के लिए लाने दो बार कोशिश की गई, लेकिन दोनों बार कामयाबी नहीं मिली। अब अमन को तीसरी बार रायपुर लाने का प्रयास किया जाएगा। शूटआउट में इस्तेमाल पिस्टल बदमाशों को मध्यप्रदेश बड़वानी से उपलब्ध कराने की जानकारी पुलिस को मिली है। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने बदमाशों को दबोचने मध्यप्रदेश बड़वानी के साथ इंदौर में कई जगहों पर छापे की कार्रवाई की है। पूर्व में बदमाशों को बड़वानी के जिस जगह से पिस्टल उपलब्ध कराई गई थी, पुलिस उस जगह दोबारा पहुंची और संदिग्धों के यहां छापे की कार्रवाई की है। साथ ही पुलिस की तीन अलग-अलग टीमें राजस्थान, अजमेर तथा अन्य शहरों में बदमाशों के बारे में जानकारी जुटाने दबिश दे रही है।

### *पुलिस का दावा- बौखलाहट में की फायरिंग*

*पुलिस को आशंका है कि अमन को रायपुर लाने से रोकने बदमाश फायरिंग की घटना को अंजाम दे रहे हैं। अमन को रायपुर लाने 10 जून को जब पहली बार ट्रांजिट रिमांड हासिल की गई, उस दौरान भी बदमाशों ने संबंधित कारोबारी के लोगों के बीच दहशत फैलाने फायरिंग की घटना की। दूसरी बार 12 जुलाई को अमन को रायपुर लाना था, उसके दूसरे दिन बदमाशों ने रायपुर में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया।*

### *बदमाश एक-दूसरे को पहचानते हैं या नहीं, क्लीयर नहीं*

*पूर्व में शूटआउट की घटना को अंजाम देने से पहले पकड़े गए बदमाश एक-दूसरे को नहीं पहचानते थे। रायपुर आने के बाद उनकी मुलाकात हुई थी। उसी तरह से इस बार भी शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश एक दूसरे को पहचानते हैं या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। शूटआउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को किसी तीसरे व्यक्ति द्वारा कंट्रोल किए जाने की पुलिस ने आशंका व्यक्त की है।*

### *कारोबारी समूह की झारखंड में सुरक्षा बढ़ाई*

*अमन साव गैंग के छद्म नाम का बदमाश मयंक सिंह, जो कथित तौर पर मलेशिया में छिपा बैठा है, उसके द्वारा सोशल मीडिया पर झारखंड में काम कर रहे कारोबारियों को लगातार धमकी दी जा रही है। साथ ही सरकारी ठेका लेने वाले कारोबारियों के कर्मचारियों पर फायरिंग की घटना सामने आने के बाद झारखंड पुलिस ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है।*

### ठेके में हिस्सेदारी मांगने बना रहे दबाव

पुलिस के मुताबिक, अमन साव झारखंड में सभी तरह के सरकारी ठेकों में फिरौती मांगने के साथ ही ठेका लेने वालों से पेटी कांट्रेक्टर बनाने दबाव बना रहा है। अमन से जुड़ा मयंक रायपुर के कांट्रेक्टर से पेटी कांट्रेक्ट लेने की कोशिश कर रहा था या उनसे फिरौती की मांग कर रहा था, इस बात की पुलिस जांच करने की बात कह रही है।

### नए शूटर्स से फायरिंग कराने की आशंका

शूटआउट की घटना के बाद पुलिस ने मिले सीसीटीवी फूटेज को सीसीटीएनएस के माध्यम से सभी राज्यों की पुलिस को सर्कुलेट किया है, बावजूद इसके बदमाशों के बारे में पुलिस को अब तक किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं मिल पाई है। बदमाशों के बारे में किसी भी तरह की जानकारी नहीं मिलने के बाद पुलिस ने ऐसे बदमाश, जो पुलिस रिकार्ड में नहीं हैं, उनके द्वारा शूटआउट कराए जाने की आशंका व्यक्त की है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# राजिम में जमकर बरसे बादल, राजधानी में रिमझिम फुहार, जारी रहेगा वर्षा का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून द्रोणिका के सामान्य स्थिति में आने से कई इलाकों में भारी बारिश हुई है। पिछले चौबीस घंटे में राजिम में बादल 15 सेमी. तक जमकर बरसे, मगर राजधानी में उसका असर रिमझिम फुहारों तक



ही सीमित रहा। शहर में सुबह उमस की स्थिति ▶▶| शेष पेज 13 पर




**खबर संक्षेप**



## परसदा शाला में न्योता भोज का आयोजन

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय प्राथमिक शाला परसदा (मानपुर) में 15 जुलाई को न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक श्री भोजराम वर्मा ने स्वप्रेरित होकर शासन द्वारा विद्यालयो में बच्चों के लिए न्योता भोज योजना के अंतर्गत प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए खीर पुड़ी केला सेवफल खिलाया गया साथ ही साथ सभी बच्चों को पेन पेंसिल भी प्रदान किया गया।इस अवसर पर एसएमसी के अध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद वर्मा श्री डीगेश्वर वर्मा प्रधानपाठक श्री रमेश वर्मा शिक्षक श्री डोमार वर्मा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती खेमिन बाई साहू सहायिका संतोषी रॉय सहायक शिक्षिका जागृति वर्मा मध्यान्ह भोजन समूह की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमिन साहू श्रीमती शारदा यादव की उपस्थित रही।

## 100 मिलियन पार, मोदी का परिवार। 'वसुधैव कुटुम्बकम्'



**रायपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उनके एक्स हैंडल पर फॉलोवर्स की संख्या 100 मिलियन हो गयी है। प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे अधिक फॉलोवर्स वाले राजनेताओं में से एक हैं। उनकी दुनियाभर में लोकप्रियता अद्वितीय है। तमाम सोशल मीडिया साइट्स पर उनके करोड़ों फॉलोअर्स हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 मिलियन फॉलोअर्स होने पर अपने एक्स हैंडल पर लिखा '100 मिलियन पार, मोदी का परिवार 'वसुधैव कुटुम्बकम'। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 100 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स के साथ सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता बन गए हैं।

## खाद्यमंत्री बघेल ने की पीडीएस की समीक्षा

**रायपुर।** खाद्यमंत्री दयालदास बघेल ने सोमवार को खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के सभा कक्ष में अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कहा कि विभाग का दायित्व एवं प्राथमिकता सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है और समय पर उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन उपलब्ध कराना है। दूरस्थ क्षेत्रों में चना, गुड़, शक्कर, राशन आदि की आपूर्ति समय पर करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति, भण्डारण एवं वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चावल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और उचित मूल्य दुकानों आंगनबाड़ी, स्कूल, छात्रावास में गुणवत्ता युक्त चावल भण्डारण एवं वितरण करने के लिए कहा है।

# सांसद बृजमोहन ने एक पेड़ मां के नाम पर मोदी के संदेश को याद करके किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोमवार शासकीय अरुंधती देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल बरसते पानी में भी पहुंचकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

उन्होंने अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पेड़ ही हमारा आने वाला कल है और उन्होंने एक पेड़ मां के नाम पर मोदी जी के संदेश को याद करते हुए वृक्षारोपण किया तथा कहा छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति बहुत संवेदनशील है उन्होंने निःशुल्क गणवेश पुस्तक वितरण करते हुए कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम द्वितीय प्राप्त करने वाले तथा हर विधा में निपुण 43 होनहार सेजेस एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रतिभावान छात्रओं को प्रमाण पत्र एवं मैडल पहनाकर शाबाशी देते हुए मुंह मीठा भी कराया। साथ ही सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 40 छात्रओं को साइकिल वितरण, दिव्यांग छात्रें को व्हीलचेयर भी प्रदान किए।

वही विद्यालय की प्रगति के लिए सांसद विधायक निधि से 15 लाख रुपए की घोषणा भी की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा की प्रदेश सरकार शिक्षा स्वास्थ्य एवं संस्कृति पर विशेष ध्यान देते हुए सभी क्षेत्रें में विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

**43 मेधावी बच्चों को मेडल, 40 छात्राओं को साइकिल और दिव्यांग छात्रों को व्हीलचेयर प्रदान किया**



### प्रतिवेदन का वाचन किया गया

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार खंडेलवाल एवं स्कूल संकुल प्राचार्य हरीश शर्मा के द्वारा शैक्षिक उपलब्धि के प्रतिवेदन का वाचन किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुमार सिंह लहरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एन.पी. कुर्रे, विकासखंड स्त्रेत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.के. पटेल, शासकीय कन्या प्राचार्य सरोजिनी केरकट्टा आदि की उपस्थिति रही तथा कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अरविंद कुमार वैष्णव एवं आभार केरकेट्टा मैडम ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण आकाश विश्वास, युवराज मिश्रा, मनोज शर्मा, शिनी बिनु मैथ्यू, कमलेश साहू, विकास पाठक समस्त स्टाफ आदि एवं संकुल समन्वयकगण हरीश दीवान, जितेंद्र शुक्ला, किशोर शर्मा, पोखन साहू आदि जनप्रतिनिधिगण भाजपा अशोक बजाज, ध्रुव कुमार मिर्धा पार्षद, अभिषेक राजा तंबोली, छोटेलाल सोनकर, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र वर्मा, अशोक चंद्राकर, सूरज शर्मा, जी.एस. चंद्राकर, विनोद साहू, मनोज तंबोली, राकेश सोनकर, विजय अग्रवाल आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकगण माताओ एवं पालकगण, पत्रकारगण तथा संस्था प्रमुखगण एवं अन्य शिक्षकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

**सियासत : अभिनंदन के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने माना आभार**

# निकाय चुनावों में शत-प्रतिशत जीत का बनाएं इतिहास : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का रिकार्ड बनाया

अभनपुर विधानसभा के मतदाताओ का अभिनंदन समारोह कृषि उपज मंडी प्रांगण अभनपुर मे आयोजित किया गया। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा के नवर्निवाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आजादी के बाद रायपुर लोकसभा से सर्वाधिक मतो से जीतने का गौरव जनता के माध्यम हासिल हुआ है यह सब पार्टी के कार्यकर्ताओ की मेहनत है, आप सभी अपने अपने गांववालो को धन्यवाद दो और जो इस कार्यक्रम मे नही पहुंचे है उनसे भी बृजमोहन अग्रवाल की तरफ से सभी का स्वागत,अभिनंदन व धन्यवाद ज्ञापित करना। उन्होने कहा कि 62 वर्षो मे नेहरू जी के बाद लगातार तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बने है। यह सरकार सेवा, समर्पण भाव से कार्य करने के लिए आई है, आने वाले समय मे नगर पंचायत, नगर पालिका, पंचायत चुनाव जीतना है विधानसभा व लोकसभा चुनाव की गलती को सुधारकर 100 प्रतिशत जीत सुनिश्चित कर छत्तीसगढ़ मे इतिहास बनाना है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा व लोकसभा चुनाव से ज्यादा खुश होने की जरूरत नही है अगर अभनपुर नयापारा क्षेत्र का विकास करना है तो चुनाव जीतना पड़ेगा तभी विकास हो पायेगा। उन्होने कार्यकर्ताओ व मंडल कार्यकर्ताओ को बूथवार आंकड़ा प्रस्तुत करते हुये कहा कि किस बूथ पर हमे कम मत प्राप्त हुये है, समीक्षा करनी होगी साथ ही उन वर्गो का वोट भी हासिल करना है। विगत 10 वर्षो के मोदी जी के कार्यकाल मे किये गये विकास कार्यो को घर घर तक पहुंचाना है हमारी सरकार के द्वारा 2100 से 3100 रूपये क्विंटल का धान दिया जा रहा है, प्रधानमंत्री आवास, हर घर नल, 35 किलो चांवल,सभी जाति,धर्म,वर्ग,समाज के लिए कार्य किया जा रहा है।







### कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत का परिणाम है जीत

इस अवसर पर अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ऐसी पार्टी है जिसने कार्यकर्ताओ की बदौलत इतनी उंचाईओ को छूआ है प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने है,कार्यकर्ताओ के अथक मेहनत व प्रयास से प्रदेश मे भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार स्थापित है,भाजपा कार्यकर्ता जो मन मे ठान लेता है वह पूरा करके रहता है अभनपुर विधानसभा मे 5 बार के विधायक व पूर्व मंत्री को पराजित करने का श्रेय कार्यकर्ताओ को ही जाता है इसी तरह लोकसभा चुनाव मे सर्वाधिक मतदान कराने की जिम्मेदारी निभाते हुये अभनपुर मे सर्वाधित मतदान होने का रिकार्ड हासिल किया है हम सब पार्टी के कार्यकर्ता परिवार की तरह एकता के साथ स्थानीय चुनाव मे लडकर पार्षद से लेकर अध्यक्ष,जनपद,सरपंच,पंच सभी पदो मे जीत हासिल करना है तभी अभनपुर विधानसभा क्षेत्र की विकास की परिकल्पना साकार होगी।

### कार्यकर्ता और मतदाताओं को पौधे वितरित किए

इस अवसर पर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बजाज ने कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। सांसद अग्रवाल द्वारा कार्यकर्ताओं व मतदाताओं को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला, पुर्व सोसायटी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, नपं. उपाध्यक्ष किशन शर्मा, दिलीप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, उत्पल साहू, संचित तिवारी, गौरव शर्मा, कचरूलाल भट्टर, वरूण राठी, किशोर देवांगन, मुकेश ढीढी, गोयल भट्ट, लौटन गिलहरे, किशोर साहू, झड़ी पटेल, सागर साहू, ईश्वर पटेल,रानी पटेल, चेतना गुप्ता, दुलारी चर्तुवेदानी, पुजा बघेल सहित संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व मतदाता उपस्थित रहे।

## ज्योतिषाचार्य दीनानाथ साहू को मिला यूरोप एक्सिलेंस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषाचार्य दीनानाथ साहू को यूरोप महाद्वीप का ज्योतिष के क्षेत्र का सबसे बड़ा पुरस्कार यूरोप एक्सिलेंस अवार्ड मिला। ज्ञातव्य है कि मूलतः फिंगेश्वर निवासी वर्तमान में स्कूल में हेडमास्टर के पद पर रायपुर में कार्यरत दीनानाथ साहू जो की एक अंतर्राष्ट्रीय रिसर्चर ज्योतिषाचार्य भी है। ज्योतिष की अलग–अलग विधाओं यथा अंक ज्योतिष, नाड़ी ज्योतिष, वैदिक ज्योतिष, लाल किताब पर समय–समय पर नये–नये शोध एवं उनके रिसर्च पेपर आते रहते है। इसी कड़ी में यूरोप महाद्वीप के छह देशों फ्रांस (पेरिस), ब्रुसेल्स (बेल्जियम), जर्मनी (फ्रेंकफर्ट), नीदरलैंड (ऐमस्टर्डम), स्विट्जरलैंड (ज्यूरिख), इटली (मिलान) में अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार का आयोजन 24 जून से 03 जुलाई तक रखा गया था जिसमें श्री साहू को वीवीआइपी गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया था। श्री साहू ने इन छह देशों के सेमिनार में अपने नवीनतम रिसर्च अंक ज्योतिष में अंकों का उद्भव पर रिसर्च, ऑकल्ट साइंस में मूलाधार से सहस्त्र सार चक्र तक साइंटिफिक रिसर्च विबग्योर और अपने मेडिकल एस्ट्रोलॉजी में प्लेनेट बेस्ड, प्लेनेट कंट्रोल पॉवर पर रिसर्च प्रस्तुत किया। श्री साहू को इनके इस विशेष रिसर्च के लिए उन्हे यूरोप महाद्वीप का ज्योतिष के क्षेत्र में सबसे बड़ा पुरस्कार यूरोप एस्ट्रोलॉजिकल एक्सीलेंक्स अवार्ड प्रदान किया गया। सुभद्रा साहू, सरिता साहू, वैष्णवी साहू, तोषेंद्र साहू, राहुल सेन, दीपक बैस, सुरेंद्र सोनटेके, पारस ठाकुर, जोहन बघेल, सनत यादव, बसंत शर्मा, प्रह्लाद ठाकुर, गौरव साहू आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की। ज्ञातव्य है दीनानाथ साहू भौतिक विज्ञान में एमएससी फिजिक्स है जो उनके ज्योतिष शोध में काफी सहायता करता है।





## तामासिवनी में कारगिल विजय दिवस मनाया

आरंग। शास.उ.मा.वि. तामासिवनी में विद्यार्थियों, शिक्षको एवं भूतपूर्व सैनिक संगठन के द्वारा कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कारगिल में शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। विद्यालय परिसर में 2 मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिक संगठन से सुरेन्द्र कुमार, अजय कुमार सिंह, रवि जायसवाल, संतोष कुमार प्रधान, पंकज कुमार, सरपंच दीपिका हेमलाल जांगड़े, प्राचार्य शीला तोलानी, व्याख्याता नितेश वाडेगावकर, रचना बुधवानी, लक्ष्मी चंद्राकार, फिरंता राम देशलरहा, सुरभि मिश्रा, सोनाली साहू, विनय पटेल, अंजना आवड़े, हेमलाल सोनकर, मयंकधर दीवान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामगोपाल साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर प्राचार्य के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## शिवसैनिकों ने छग शिवसेना का स्थापना दिवस मनाया



आरंग। शिवसेना आरंग विधानसभा द्वारा छत्तीसगढ़ शिवसेना का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। शिवसेना रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष केशव वैष्णव के नेतृत्व में नगर स्थित भागीरथी कन्या विद्यालय में छात्रओं को कॉपी, पेन, पहाड़ा वितरण किया गया। साथ ही शिक्षकों एवं छात्रओं को छत्तीसगढ़ शिवसेना के स्थापना से लेकर अब तक के किए गए जनहित के कार्यों के बारे में अवगत कराया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शिवसेना का गठन 14 जुलाई 1984 को प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में किया गया था। कार्यक्रम में शिवसेना नगर अध्यक्ष राज दुबे, संगठन प्रमुख व्यास सोनकर, टेकु देवांगन, उजाला जलक्षत्री, रेखराज अग्रवाल, कोमल यादव, जितेन्द्र निषाद, धनराज जलक्षत्री, भुनेश्वर लोधी, बादल निषाद एवं अधिक संख्या में शिवसैनिक उपस्थित थे।

## पार्क कॉलोनी के सूने मकान में चोरों का धावा, नकदी व आभूषणों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा/सॉंकरा

विधानसभा इलाके के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। भुरकोनी स्वस्तिक पार्क कॉलोनी के बाद चोरों ने ग्राम मांढर के सुने मकान में धावा बोलकर ज्वेलरी और नगदी दस हजार रुपए ले गए। यह घटना तीजन बाई विश्वकर्मा के घर पर घटित हुई है।

वे सभी परिवार सहित शादी के कार्यक्रम में घर पर ताला लगा रिश्तेदार के यहां गए थे। वापस जब सोमवार को सुबह 8:00 बजे घर लौटे तो चोरी होने का आभास हुआ। कमरे में जाकर देखा तो अलमारी का ताला टूटा हुआ था।

अलमारी में रखें सोना चांदी जिसकी कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। वही दस हजार रुपए चोरी हो गए थे। चोर बड़ी चालाकी से छत के रास्ते से अंदर में घुसा और घटना को अंजाम दिया। घटनास्थल से विधानसभा पुलिस में छीनी हथौड़ी की जब्ती बनाई गई है। पीड़िता की रिपोर्ट पर विधानसभा पुलिस छानबीन कर रही है।






### चोरी की बढ़ती वारदातों ने उड़ाई लोगों की नींद

*विधानसभा इलाके में सुने मकान पुलिस की नजरों से भले ही बच जाएं। लेकिन चोरों की नजरों से अछूते नहीं हैं। आंधी की तरह आना और वारदात को अंजाम देने के बाद तूफान की तरह जाना इनकी फितरत है। खाली मकान हो या फिर दुकान हो, समझो कि चोरी होना तय है। बीते कुछ महीनों से लगातार विधानसभा इलाके गांव में चोरी की वारदातें हो रही है। भुरकोनी के स्वस्तिक पार्क कॉलोनी में दो घरों में सोना चांदी तथा लाखों रुपए की चोरी हुई थी। लेकिन चोर पुलिस के गिरफ्त में नहीं आए हैं। इसी तरह टेकारी, मांढर कई बड़ी चोरी हो चुकी है। लेकिन पुलिस अभी तक इसका खुलासा नहीं कर पाया है।*

**राम भक्तों को स्मृति चिन्ह के रूप में श्रीराम गमछा, तुलसी माला देकर सम्मान**

# मानस संघ के संत समागम में 500 पौधों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर के तत्वाधान में चंदखुरी शक्ति केन्द्र के अंतर्गत ग्राम नरदहा में रविवार को वार्षिक संत समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिलों से संघ प्रमुखों की उपस्थिति व सहभागिता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नरेन्द्र वर्मा सरपंच ग्राम नरदहा वहीं अध्यक्षता जिला मानस संघ के अध्यक्ष नारायण राम साहू सेवा निवृत्त प्राचार्य ने किया। संत समागम कार्यक्रम में तुलसी मानस प्रतिष्ठान भिलाई, राज मानस संघ धमतरी, मम राजीव लोचन गरियाबंद, महासमुंद, बलोदा बाजार, अंबागढ़ चौकी, बालोद, बेमेतरा से भी संघ के पदाधिकारीगण पहुंच कर जिला मानस संघ रायपुर द्वारा आयोजित संत समागम कार्यक्रम में पौधे वितरण व स्वास्थ्य शिविर लगाये जाने संबंधी सामाजिक सरोकार कार्य की उन्मुक्त कंठ से सराहना किए। सभी शक्ति केंद्रों ने मिली जिम्मेदारियों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए वार्षिक उत्सव संत समागम कार्यक्रम को सम्पन्न करने में सहयोग प्रदान किए। इस अवसर पर 500 पौधों का वितरण तथा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया। जिसमें काफी लोगो ने स्वास्थ्य जांच कराया। सभी आमंत्रित राम भक्तों को स्मृति चिन्ह के रूप में श्रीराम गमछा, तुलसी माला ससम्मान भेंट किया गया। कार्यक्रम के आयोजन संयोजन में चंदखुरी मानस शक्ति केन्द्र के सदस्यों की अहम भूमिका रही। आभार प्रदर्शन पूरन लाल वर्मा ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिला मानस संघ के सदस्यों व श्रीराम भक्तगण उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम पर की तर्ज में मां भारती के नाम पर पौधारोपण करेंगे

आरंग। पीपला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आरंग नगर में एक पेड़ मां के नाम के तर्ज पर "अनेक पेड़ मां भारती" के नाम के तहत 18 जुलाई को कलई रोड मंडी से संलग्न मैदान में वृहद रूप से पौधरोपण करने की तैयारियां की जा रही है। जिसके तहत पौधे लगाने जनसहयोग से गढ्ढे खोदने, ट्रेक्टर किराए से बुलाकर 500 से अधिक गढ्ढे कराया जा रहा है। इस वृहद पौधारोपण अभियान में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब होंगे। वहीं फाउंडेशन के सदस्यों में वृहद पौधारोपण को लेकर गजब का उत्साह है। फाउंडेशन के सदस्यों ने नगर के समस्त जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, महिला संगठनों, सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों, कालेज व एनएसएस के छात्र–छात्रओं प्रकृति प्रेमियों सहित नगर के सभी आम नागरिकों को इस वृहद पौधरोपण अभियान में शामिल होने की अपील व आमंत्रित कर रहे है। साथ ही जिनके घरों में कोई बड़े पौधे हो उसे साथ लेकर आने अपील किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के उद्देश्य के अनुरूप नगर व क्षेत्र में वृहत रूप से पौधरोपण व "पौधे–दान, जन–अभियान" चलाया जा रहा है। जिसके लिए सभी वर्ग के लोग तन, मन, धन से सहयोग कर रहे हैं। गुरुवार को शाम 04 बजे आरंग के कलई रोड स्थित लगभग 10 एकड़ भूमि में 1000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)**
रा.मा.क्रमांक 202406110300034 अ/6 वर्ष 2023-24
ग्राम -जलसो, प.ह.नं. 12

**// राजस्व मामले की नोटिस //**

प्रति,
उजयकुमार पिता जुगऊराम सतनामी
निवासी ग्राम-जलसो
तहसील-तिल्दानेवरा, जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक अकबर दास पिता अधारी सतनामी निवासी - नकटी (खपरी) निवासी जलसो द्वारा ग्राम - जलसो, प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. - तिल्दा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थिल वर्तमान राजस्व अभिलेख में आपके नाम से दर्ज भूमि खसरा नंबर 439/2 रकबा 0.567 हे. पर अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में दिनांक 05.08.2024 को उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करें, अन्यथा अनुपस्थिति की स्थिति में प्रकरण में विधिवत् अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 15.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा- नेवरा जिला - रायपुर (छ.ग.)**
रा. मा. क्रमांक 202406110300036 अ / 6 वर्ष 2023-24
ग्राम -जलसो, प. ह.नं. 12

**राजस्व मामले की नोटिस**

प्रति,
अनन्दी पिता अधारी सतनामी
निवासी ग्राम - जलसो
तहसील-तिल्दा नेवरा,
जिला - रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक अकबर दास पिता अधारी सतनामी, निवासी- नकटी (खपरी) निवासी जलसो द्वारा ग्राम- जलसो, प.ह.नं. 12 रा.नि.मं- तिल्दा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित वर्तमान राजस्व अभिलेख में आपके नाम से दर्ज भूमि खसरा नंबर 438/4 रकबा 0.202 हे. पर अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में दिनांक 05.08.2024 को उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करे, अन्यथा अनुपस्थिति की स्थिति में प्रकरण में विधिवत अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 15.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया ।

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
रा.मा.क्रमांक 202406110300035
अ / 6 वर्ष 2023-24
ग्राम - जलसो, प.ह.नं. 12

**// राजस्व मामले की नोटिस //**

प्रति,
दसरू पिता रामनाथ वर्मा
निवासी ग्राम - जलसो
तहसील-तिल्दानेवरा,
जिला - रायपुर (छ. ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक अकबर दास पिता अधारी सतनामी, निवासी - नकटी (खपरी) निवासी जलसो द्वारा ग्राम- जलसो, प.ह.नं. 12 रा.नि.मं- तिल्दा तहसील तिल्दा - नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित वर्तमान राजस्व अभिलेख में आपके नाम से दर्ज भूमि खसरा नंबर 438/2 रकबा 0.372 हे. पर अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

इस संबंध में दिनांक 05.08.2024 को उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करे, अन्यथा अनुपस्थिति की स्थिति में प्रकरण में विधिवत् अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 15.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा- नेवरा
जिला - रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### 100 मिलियन पार, मोदी का परिवार। 'वसुधैव कुटुम्बकम्'

**रायपुर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। उनके एक्स हैंडल पर फॉलोवर्स की संख्या 100 मिलियन हो गयी है। प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सबसे अधिक फॉलोवर्स वाले राजनेताओं में से एक हैं। उनकी दुनियाभर में लोकप्रियता अद्वितीय है। तमाम सोशल मीडिया साइट्स पर उनके करोड़ों फॉलोअर्स हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 मिलियन फॉलोअर्स होने पर अपने एक्स हैंडल पर लिखा '100 मिलियन पार, मोदी का परिवार 'वसुधैव कुटुम्बकम'। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 100 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स के साथ सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेता बन गए हैं।

### आवासीय विद्यालय मामले में कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**रायपुर।** पखांजूर इलाके के आवासीय छात्रावास में नाबालिग छात्रा के गर्भवती होने के मामले में कांग्रेस ने 6 सदस्यीय जांच समिति गठित की है। जांच कमेटी की संयोजक पूर्व मंत्री अनिला भेंड़िया बनाई गई हैं। जांच कमेटी में विधायक अंबिका मरकाम, संगीता सिंह, सावित्री मंडावी, नारायणपुर जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामबती नेताम और कांकेर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभद्रा सलाम को शामिल किया गया है। जांच समिति की सदस्य प्रभावित छात्रावास का दौरा कर पीड़िता/परिजनों, छात्रावास प्रशासन तथा ग्रामवासियों से भेंट व चर्चा कर घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत करेगी।

### कांग्रेस ने बनाई नगरीय निकाय परिसीमन के लिए समिति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में हो रहे परिसीमन को लेकर अपनी समिति का गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुशंसा पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने परिसीमन समिति के सदस्यों की नियुक्ति की है। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री जी श्रीनिवास ने जारी सूची में पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, किरणमई नायक, प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, पंकज शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, महेंद्र छाबड़ा, गिरीश दुबे, श्रीकुमार मेनन, कन्हैया अग्रवाल, शिव सिंह ठाकुर, सहित शहर कांग्रेस कमेटी के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, महिला कांग्रेस अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल के जिला अध्यक्ष समिति में पदेन सदस्य होंगे। यह समिति वार्ड परिसीमन के अवलोकन के साथ वार्ड के भौगोलिक क्षेत्रफल मतदाता अनुरूप वार्डो का परिसीमन सहित यथासंभव जहां दावा आपत्ति हो, उसे सुनिश्चित करेगी। समिति की बैठक मंगलवार को रखी गई है।

### उत्तर विधायक ने सुनी जनता की समस्या



**रायपुर।** उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने प्रतिदिन के वार्ड भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अंतर्गत महात्मा गांधी (पंडरी) वार्ड के गंगानगर में लोगों की समस्याओं को सुना। गे समलेश्वरी नगर उत्कल बस्ती में जाते वक्त बारिश की बूंदाबांदी शुरू हो गई। बारिश के बीच ही मोहल्ले में बैठकर सभी से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना। जिसपर जनता ने नाली की साफ सफाई, जलभराव एवं सामुदायिक भवन जैसी समस्याओ से अवगत कराया। विधायक श्री मिश्रा ने नगर निगम के संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को फोन से अवगत कराकर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

# राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में छत्तीसगढ़ को पांच राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जाएगा। भारत सरकार द्वारा राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) और प्रदेश के चार नगरीय निकायों बिलासपुर, रायगढ़, चांपा एवं भाटापारा का चयन प्रतिष्ठित 'स्पार्क-2023-24' पुरस्कारों के लिए किया गया है। राज्य में शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में उत्कृष्ट कार्यों के लिए ये पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं।

## दिल्ली में सूडा और चार नगरीय निकाय 18 को होंगे पुरस्कृत

### इस बेहतर काम के लिए मिल रहा है पुरस्कार

सूडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार द्वारा ये पुरस्कार शहरी गरीब परिवारों को सशक्त बनाने और उनकी आजीविका के अवसरों को बढ़ाने में श्रेष्ठ कार्यों के लिए दिया जा रहा है। दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से नगरीय निकायों ने शहरी आबादी के जीवन में उल्लेखनीय सुधार किया है।

### 18 को मिलेगा पुरस्कार

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 18 जुलाई को नई दिल्ली के इंडिया हैबिटॉट सेंटर में आयोजित समारोह में सूडा और चारों नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया जाएगा। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल और राज्यमंत्री तोखन साहू ये पुरस्कार प्रदान करेंगे।

### डिप्टी सीएम साव ने दी बधाई



उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने राज्य को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए सूडा और चारों नगरीय निकायों की टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रदत्त ये पुरस्कार राज्य के लिए सम्मान का विषय है। मैं इसके लिए केन्द्र सरकार को धन्यवाद देता हूं। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने भी सूडा और पुरस्कार के लिए चयनित नगरीय निकायों को बधाई दी है।

## समिति ने की पहली बैठक, तय किए गए जांच के बिंदु

# राशन घोटाले की जांच समिति ने खाद्य विभाग से मांगा कांग्रेस शासनकाल का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस शासनकाल में हुए 600 करोड़ रुपए के राशन सामग्री बचत घोटाले की जांच समिति की पहली औपचारिक बैठक समिति के सभापति, पूर्व खाद्य मंत्री पुन्नू लाल मोहिले की अध्यक्षता में हुई। समिति के सदस्यों और विधानसभा के सचिव की उपस्थिति में हुई बैठक में घोटाले की जांच बिंदुओं के संबंध में चर्चा हुई। समिति ने राशन घोटाले को लेकर कांग्रेस शासन काल में राशन सामग्री के वितरण का ब्योरा खाद्य विभाग से मांगा है। विभाग की जानकारी आने के बाद समिति मामले में पूछताछ कर इसके लिए अफसरों की जिम्मेदारी तय करेगी। बताया जाता है कि समिति के सभापति पुन्नू लाल मोहिले पूर्व भाजपा शासन में खाद्य मंत्री रहे हैं। उनके कार्यकाल में पारदर्शी वितरण प्रणाली बनाई गई थी। इसमें दो महीने का पूरा कोटा दिए जाने के बाद तीसरे महीने बीते दो माह का कोटा घटा कर देने का नियम था।

कांग्रेस शासन काल में खाद्य संचालनालय के अपर संचालक ने राशन दुकानों काा कोटा काटने का काम बंद करवा दिया। इसके कारण सिर्फ चार साल में 600 करोड़ का राशन बचत घोटाला हो गया। मामले में जांच का आश्वासन देने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर नई सरकार बनने के बाद विधानसभा के बजट सत्र में सदन में आश्वासन के बावजूद जानकारी न देने पर अवमानना का मामला बताए जाने पर घोटाले की जांच के लिए पांच सदस्यों की सदन की जांच समिति को मामला सौंपा गया। समिति की पहली बैठक में जांच के बिंदु तय किए गए। इसमें कितने राशन दुकानों में राशन सामग्री की कमी पाई गई, कोटा वितरण के समय निरीक्षक माड्यूल से कोटा नहीं घटाने का आदेश किसके द्वारा जारी किया गया।



### 5 हजार दुकानों में मिली थी गड़बड़ी

*प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में से पांच हजार राशन दुकान ऐसी हैं, जिनमें 600 करोड़ का राशन गायब है। घोटाले के लिए संचालनालय खाद्य के अधिकारी को जिम्मेदार माना जा है। संचालनालय के सूत्रों के अनुसार खाद्य विभाग के निरीक्षकों से हर महीने घोषणापत्र इंस्पेक्टर माड्यूल में भरवाया गया है। इसके बाद संचालनालय की जिम्मेदारी थी कि कोटा घटा कर दिया जाए। चार साल तक इसका पालन नहीं किया गया। इसके लिए जिम्मेदार खाद्य संचालनालय का अपर संचालक है। केंद्रीय जांच दल दिल्ली को दी गई जानकारी में खाद्य संचालनालय ने स्वीकार किया था कि घोटाला बहुत ज्यादा है और कार्रवाई की जा रही है। तब से घोटाले को दबाने का प्रयास हो रहा था, विधानसभा की जांच समिति में इसका खुलासा होगा।*

### घोटाले पर पर्दा डालने का खेल

खाद्य संचालनालय के अधिकारी ने विभाग की साइट से तेरह हजार राशन दुकानों का घोषणापत्र हटा दिया। शासन के नियमानुसार राशन घोटाले के लिए जिम्मेदार राशन दुकानों के प्रकरण बनाकर राजस्व वसूली किया जाना चाहिए था, लेकिन बिना प्रकरण बनाए दुकानों से शपथपत्र लेकर घोटाले को दबाया जा रहा है। घोटाले को दबाने के लिए भौतिक सत्यापन का खेल खेला जा रहा है। खाद्य संचालनालय के पास इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि पिछले तीन साल में हर साल भौतिक सत्यापन कराए जाने पर राशन दुकानों में कितनी राशन सामग्री पाई गई और कितनी सामग्री काटी गई। तकनीकी त्रुटि बताकर भी घोटाले को दबाया जा रहा है, केवल 996 राशन दुकानों में तकनीकी त्रुटि है, जबकि घोटाला पांच हजार से अधिक राशन दुकानों में है।

## जनदर्शन में मजदूर पिता की गुहार

# कलेक्टर ने दिए बच्चे को तुरंत हॉस्टल में दाखिला दिलाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कलेक्टर जनदर्शन में एक मजदूरी करने वाले मजबूर पिता ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति का हवाला देकर अपने बच्चे को हॉस्टल में दाखिला दिलाने के लिए गुहार लगाई। कलेक्टर ने मजबूर पिता के परिवार की स्थिति जानने के बाद अधिकारियों को बच्चे को तुरंत हास्टल में दाखिला कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए।

समता कॉलोनी के राखी नगर निवासी भारत साहू अपने पुत्र गौतम जो छठवीं कक्षा का छात्र है, को हॉस्टल में दाखिल कराना चाहता था। भारत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है तथा उनकी पत्नी व बच्चे की मां झमिता साहू गृहणी है। भारत ने बताया कि उसके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है और बच्चे को पढ़ाने में भी असमर्थ हूं, जिसके कारण गौतम को आगे पढ़ाने में काफी दिक्कते हो रही थी। इस वजह से वह बेटे को हॉस्टल में दाखिला दिलाने के लिए कलेक्टर से गुहार लगाई। कलेक्टर ने गंभीरता से उनके आवेदनों का निराकरण करने के लिए आदिम जाति विभाग को निर्देशित किया। इसके तुरंत बाद बच्चे को हॉस्टल में दाखिला दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। बच्चे को जल्द ही कुशालपुर के हॉस्टल में दाखिला दिलाया जाएगा। वहां बच्चे को ठहरने, भोजन और अन्य सुविधाएं निःशुल्क मिलेंगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# फसलों की क्षतिपूर्ति के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक ली। इसमें उन्होंने अधिक से अधिक कृषकों को बीमा आवरण में शामिल करने के लिए निर्देशित किया, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से फसल प्रभावित होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके।

### पंजीयन 31 जुलाई तक

जिले में संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 मौसम के लिए जिले के लिए धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन (ग्राम स्तर पर) फसलों को अधिसूचित फसलों में शामिल किया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को 31 जुलाई तक पंजीयन कराना होगा।

### नुकसान की भरपाई के लिए बीमा जरूरी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाती है। योजना में ऋणी और अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो, शामिल हो सकते हैं। ऐसे किसान जो अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराना चाहते हैं, वे नियत तिथि के पूर्व अपना फसल बीमा करा सकते हैं। इसके लिए किसान अपना आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी-1 पॉचशाला खसरा, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बोनी प्रमाण पत्र के साथ पंजीयन कराना होगा। किसान बैंक अथवा चॉइस सेंटरों के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। प्रति हेक्टेयर बीमित राशि तय : खरीफ फसलों में धान सिंचित के लिए राशि 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर, धान असिंचित के लिए 45 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर, मक्का के लिए 42 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर एवं सोयाबीन के लिए 40 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित है।

# विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना भी ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय में मानसून सत्र से ध्यानाकर्षण सूचना सदस्यों से प्राप्त करने एवं विभागों द्वारा पत्राचार करने के लिए ऑनलाइन प्रकिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र के सहयोग से ऑनलाइन ध्यानाकर्षण प्राप्त करने तथा उसका जवाब देने की चरणबद्ध सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण विधानसभा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया गया।

विधानसभा सचिवालय में 11 जुलाई को राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा विधायकों के लिए ऑनलाइन ध्यानाकर्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था, प्रशिक्षण कार्यक्रम में लखेश्वर बघेल, नीलकंण्ठ टेकाम, व्यास कश्यप, प्रबोध मिंज, द्वारिकाधीश यादव एवं रायमुनि भगत सहित अन्य विधायकों के प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुये। साथ ही वर्चुअल माध्यम से भी सदस्य प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। सत्र में ऑनलाइन प्रक्रिया प्रायोगिक रूप से की जा रही है। विधायकों एवं विभागों को ऑनलाइन के साथ ही पूर्वानुसार ऑफलाइन प्रक्रियाओं के माध्यम से कार्यवाही सुनिश्चित करनी होगी। शासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऑनलाइन ध्यानाकर्षण की सूचना से संबंधित प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र एवं संसदीय कार्य विभाग के सहयोग से मंत्रालय में भी समस्त विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

# नगरीय निकायों में 27 से 10 अगस्त तक लगेंगे शिविर, मौके पर ही समस्याओं का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़ा के दौरान नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर स्थानीय समस्याओं का निदान किया जाएगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में सभी आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को परिपत्र जारी किया गया है।

### 184 निकायों में लगेंगे शिविर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नागरिक सुविधाओं की दृष्टि से राज्य की सभी 184 नगरीय निकायों में स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए वार्डवार शिविर आयोजित कर उनका मौके पर ही निराकरण के निर्देश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को दिए हैं। उन्होंने इन शिविरो में नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के महापौरों, अध्यक्षों, पार्षदों और अन्य जन प्रतिनिधियों को भी उपस्थित रहने की अपील की है, ताकि आमजन की भागीदारी में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि वार्डवार शिविरों के आयोजन से स्थानीय प्रशासन में लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण होगा और नागरिकों को जरूरी सुविधाएं मिलेंगी।

### सरकार ने जारी किया परिपत्र

उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश के बाद सोमवार को राज्य शासन द्वारा सभी नगरीय निकायों को आगामी 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के आयोजन के संबंध में परिपत्र जारी कर दिया गया है। परिपत्र में कहा गया है कि स्थानीय निकायों द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना मुख्य दायित्व है। स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा नल कलेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञाप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते हैं, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है।

### मौके पर ही होगा निराकरण


विभाग ने नगरीय निकायों के सभी विभागों के अधिकारियों को शिविर में मौजूद रहकर समस्याओं का निराकरण यथासंभव मौके पर ही करना करने के निर्देश दिए हैं। शिविरों में करदाताओं को करों के भुगतान की सुविधा वार्ड में ही उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग ने वार्डवार शिविरों के आयोजन के संबंध में वार्ड एवं नगर में व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि आम नागरिक शिविर का पूरा लाभ प्राप्त कर सके। शिविरों में संकलित जानकारियां राज्य शासन को भेजने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## रायपुर जिले में हैं 6 लाख 5 हजार 828 कार्डधारक

# 5 लाख से अधिक बन चुके नए राशनकार्ड, इनमें 75 हजार एपीएल धारकों का नवीनीकरण नहीं, इसलिए अटके

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर जिले में 6 लाख 5 हजार 828 कार्ड धारक हैं। इनमें करीब 5 लाख से अधिक नये राशनकार्ड बन चुके हैं, वहीं शेष करीब एक लाखकार्ड अब तक बन नहीं पाए हैं। इनमें ज्यादातर कार्ड एपीएल (सामान्य परिवार) के हैं। नया राशन कार्ड बनाने के लिए पहले केवाइसी और फिर नवीनीकरण अनिवार्य है, लेकिन जिले में 75 हजार एपीएल कार्ड धारकों ने अब तक नवीनीकरण नहीं कराया है, जबकि इनमें करीब 25 हजार कार्ड धारक ऐसे हैं, जो प्रत्येक माह राशन दुकान से खाद्यान्न उठाते आ रहे हैं। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अगस्त माहांत तक नवीनीकरण कराने का समय निर्धारित किया गया है। इस तारीख के बाद भी अगर कोई नवीनीकरण नहीं कराता है, तो उसका कार्ड स्वयमेव निरस्त हो जाएगा। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद से राज्य में राशन कार्ड बदलने की प्रक्रिया चल रही है। राज्यभर में नये राशन कार्ड की छपाई से लेकर नवीनीकरण कराने का काम शुरू कर दिया गया था। सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव के पहले तक राज्यभर में 70-75 प्रतिशत नवीनीकरण कराने का काम पूर्ण हो चुका है, वहीं चुनाव के बाद यह आंकड़ा 90 प्रतिशत तक पहुंच गया है। रायपुर जिले में भी करीब 86 प्रतिशत नवीनीकरण का काम पूर्ण हो चुका है।



### सितंबर से नया राशनकार्ड अनिवार्य

विभागीय अधिकारियों के अनुसार नया राशनकार्ड बनाने के लिए नवीनीकरण कराने के लिए 31 अगस्त तक का समय दिया गया है। इस दौरान नया और पुराना दोनों कार्ड से राशन दुकानों में खाद्यान्न वितरण किए जाएंगे, लेकिन सितंबर से सिर्फ नये कार्ड पर ही खाद्यान्न दिया जाएगा। इसीलिए अगस्त खत्म होने के पहले तक बचे हुए कार्ड धारकों को नवीनीकरण कराना होगा।

### परेशानी से बचना है तो कराना होगा नवीनीकरण

नये राशनकार्ड बनाने के लिए नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। जिन धारकों का नवीनीकरण नहीं हुआ है, उनके ही अब तक नये कार्ड बन नहीं पाए हैं। नवीनीकरण के लिए अगस्त तक का समय दिया गया है। सितंबर माह से नये कार्ड से ही राशन मिलेगा। परेशानी से बचना है, तो समय सीमा के भीतर कराना होगा नवीनीकरण।

\- भूपेंद्र मिश्रा
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

# कर्मचारी-अधिकारी संयुक्त मोर्चा की बैठक आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक मंगलवार को मंत्रालय-इंद्रावती भवन नया रायपुर के सभागार में आहूत की गई है। बैठक में प्रदेश के पौने पांच लाख कर्मचारियों, सवा लाख पेंशनरों के 4 प्रतिशत डीए, एरियर राशि के भुगतान के लिए रणनीति बनाई जाएगी। मोर्चा के प्रवक्ता संजय तिवारी ने बताया कि महासंघ के संयोजक अनिल शुक्ला, मंत्रालय कर्मचारी संघ के महेंद्र सिंह राजपूत, लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के संजय सिंह, प्रदेश कर्मचारी संघ के करन सिंह अटेरिया, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अलोक मिश्रा, ओपी शर्मा, सहित घटक संघों के प्रांताध्यक्ष इस बैठक में शामिल होंगे। वर्तमान सरकार से राज्य के कर्मचारियों बहुत उम्मीदें थी, किंतु सरकार का अब तक का रवैया उपेक्षा का ही रहा है।

इसी के चलते सभी कर्मचारी संघों को पुनः एकजुट होना होगा। प्रवक्ता श्री तिवारी ने राज्य सरकार से अखिल भारतीय संवर्ग की तरह ही राज्य संवर्ग के कर्मचारियों को भी देय तिथि से 4 प्रतिशत डीए दिए जाने की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ से खेलेंगे मुंबई के स्टार क्रिकेट खिलाड़ी भूपेन लालवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी और विजय हजारे समेत सैयद मुश्ताक टी-20 ट्रॉफी के लिए मेंस सीनियर खिलाड़ियों की सूची जारी की है, जिसमें मुंबई से सलामी बल्लेबाज भूपेन लालवानी का नाम शामिल है। भूपेन के आने से अब छत्तीसगढ़ की टीम और भी मजबूत हो सकती है। बता दें कि 2023-24 सीजन के रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाया था। अब आगे घरेलू सीजन में छत्तीसगढ़ के लिए खेलने का फैसला किया है, क्योंकि वह घरेलू क्रिकेट में सफेद गेंद के खेल खेलना चाहते हैं। जानकारी के मुताबिक लालवानी ने इस संबंध में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन, एमसीए को अनापत्ति प्रमाणपत्र, एनओसी के लिए आवेदन किया था। संघ के 36 खिलाड़ियों की सूची में शशांक सिंह, अमनदीप खरे, अजय मंडल समेत प्रदेश के खिलाड़ी शामिल हैं।

## पिछले सीजन में रणजी ट्रॉफी में बनाए थे सर्वाधिक रन

- छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने 36 सीनियर खिलाड़ियों की सूची की जारी



### 10 मैच में 5 अर्धशतक और 1 शतक

शानदार प्रदर्शन करते हुए लालवानी ने पिछले सीजन में मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी में 10 मैचों में 39.20 औसत से 588 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक और एक शतक शामिल था। अभी तक 14 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतकों के साथ 681 रन औसत 34.05 रन बनाए हैं, लेकिन अभी तक उन्होंने वनडे या टी 20 क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है।

### सफेद गेंद से आईपीएल की तैयारी

आईपीएल में खेलने के लिए भूपेन छत्तीसगढ़ टीम से घरेलू क्रिकेट में सफेद गेंद से खेलना चाहते हैं। उनका कहना है कि बेहतर अवसरों के लिए मुंबई छोड़ रहा हूं, मैं सभी प्रारूपों में घरेलू क्रिकेट खेलना चाहता हूं, जो मुझे छत्तीसगढ़ के लिए मिलेगा। लालवानी के साथ छत्तीसगढ़ के ड्रेसिंग रूम में अब तीसरे मुंबई के खिलाड़ी होंगे। आईपीएल-2024 में पंजाब किंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले शशांक सिंह और विकेटकीपर-बल्लेबाज एकनाथ केरकर जिन्होंने 2022 के घरेलू सीजन में मुंबई के सलामी बल्लेबाज अखिल हेरवाडकर भी छत्तीसगढ़ के लिए खेले थे, जबकि मुंबई के पूर्व विकेटकीपर सुलक्षण कुलकर्णी 2016-17 सीजन में मध्य भारत की टीम के मुख्य कोच थे। पांडिचेरी चले गए ऑलराउंडर अमन खान के बाद लालवानी दूसरे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने इस सीजन में मुंबई छोड़ी है।

## शहरी क्षेत्र में मनरेगा लागू नहीं होने से फंड के अभाव में अटक रहा निर्माण

# निगम सीमा में 469 आंगनबाड़ी भवन विहीन हर महीने 12 लाख से ज्यादा किराया भी दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्मार्ट सिटी में जहां कई हाईटेक सुविधा लोगों को मिल रही है, वहीं वार्डों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए चलाए जा रहे आंगनबाड़ी केन्द्रों में 469 का संचालन किराए के भवनों में किया जाता है। शहर में जगह और फंड के अभाव में विभाग को किराए के भवनों में संचालित केंद्रों का हर महीने 12 लाख से ज्यादा किराया देना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में मनरेगा लागू नहीं होने व सिर्फ 30 प्रतिशत बजट ही विभाग को सरकार से मिलता है। इससे किराए के भवनों से आंगनबाड़ी केन्द्रों को मुक्ति नहीं मिली।

जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के भवनों की स्थिति जांचने पर नई बात सामने आई। इसमें पता चला कि रायपुर जिले में 1882 आंगनबाड़ी एवं मिनी केंद्र हैं। इनमें से ग्रामीण क्षेत्र में ही 1410 केंद्रों का संचालन विभाग द्वारा बनवाए गए भवनों में किया जाता है। ग्रामीण बेल्ट में सिर्फ 3 केंद्र ही ऐसे हैं, जिनके लिए भवन नहीं बना है। इस मामले में शहरी क्षेत्र की आंगनबाड़ियों में स्थिति ज्यादा खराब है। वजह जांचने पर पता चला कि शहरी क्षेत्र यानी निगम सीमा में मनरेगा के तहत काम कराने की गाइडलाइन नहीं है। इसके कारण भवन बनाने पर होने वाले कुल खर्च 12 लाख 50 हजार का 70 फीसदी फंड मनरेगा व 30 प्रतिशत राज्य शासन से मिलता है। अभी राज्य शासन से फंड मिलने के बाद भी भवनों का निर्माण अटका है।




- ग्रामीण बेल्ट में सिर्फ 3 केंद्र ही ऐसे हैं, जिनके लिए भवन नहीं बना

### अभी शहरी क्षेत्र के लिए स्वीकृति नहीं

समय-समय पर शहरी क्षेत्र में भी आंगनबाड़ी बनाने के लिए फंड मिलता है। निगम सीमा में मनरेगा लागू नहीं होने की वजह से भवन निर्माण नहीं हो पा रहा है। शहरी क्षेत्र में केन्द्र बनाने स्वीकृति भी नहीं मिली। नियम के मुताबिक किराए की तय राशि केंद्रों को दी जाती है।

**- निशा मिश्रा,** डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर

### किराए के भवनों में जगह भी कम

शहर की सीमा में गर्भवती महिलाओं व कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार देने की व्यवस्था किराए के भवनों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को करनी पड़ रही है। विभाग से किराया कम मिलने से एक कमरे और छोटे बरामदे के रूप में मिलने वाली जगह में ही बैठाना पड़ता है। बच्चों को खेलने की सुविधा भी किराए के भवनों में खुले आंगबाड़ी केंद्रों में नहीं मिलती। ऐसे भवनों में केंद्र होने से गोद भराई व अन्नप्राशन का आयोजन निगम के भवनों के भरोसे होता है। सीमित जगह होने से आंगनबाड़ी केन्द्र में मिलने वाली सुविधा भी प्रभावित है।

### नहीं मिल रहा मनरेगा का 8.75 लाख

एक आंगनबाड़ी भवन बनाने का खर्च 12.50 लाख रुपए आता है। इसमें 8 लाख 75 हजार रुपए मनरेगा से होने वाले काम के बदले ग्रामीण क्षेत्र को मिल जाते हैं। इससे ग्रामीण इलाके में 1410 आंगबाड़ी भवन विभाग ने बनवा लिया है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति शहरी क्षेत्र यानी निगम सीमा में आने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों की है। यहां मनरेगा के तहत काम कराने का नियम नहीं है। इससे 469 केंद्रों का भवन अभी तक नहीं बना है। इसका खामियाजा विभाग को हर महीने किराया भुगतान करना पड़ रहा है। सुविधा भी गाइडलाइन के अनुरूप नहीं मिलती।

# स्वीमिंग पूल में एनआईटी के छात्र की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व स्वीमिंग सीखने गए एनआईटी सेकेंड ईयर के छात्र की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना 11 जुलाई शाम 4 बजे के करीब हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच करने तथा छात्र के पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक खमतराई में रहने वाले कारोबारी का पुत्र बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, स्वीमिंग पुल में डूबने से कोंडरी आयुष की मौत हुई है। घटना दिनांक को कोंडरी आयुष सेकेंड शिफ्ट में स्वीमिंग सीखने के लिए गया था। स्वीमिंग पूल में एम्स अस्पताल का एक डॉक्टर भी आया हुआ था।

बताया जा रहा है, कोंडरी आयुष तैरते हुए काफी दूर निकल गया। वापस लौटने के दौरान वह डूबने लगा। इसी दौरान मौके पर उपस्थित डॉक्टर ने छात्र को स्वीमिंग पूल में डूबते हुए देख उपस्थित सुरक्षाकर्मियों को छात्र को स्वीमिंग पूल से बाहर निकालने के लिए कहा।

- मौके पर उपस्थित एम्स के चिकित्सक ने छात्र को डूबते देख स्वीमिंग पूल से बाहर निकलवाया
- घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व की, छात्र की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

### पेट से पानी निकालने के बाद भी नहीं बची जान

पुलिस के अनुसार, कोंडरी आयुष को स्वीमिंग पूल से बाहर निकालने के बाद डॉक्टर ने छात्र के पेट दबाकर पानी निकालने की कोशिश की तो छात्र ने उल्टी की। इसके बाद छात्र को गंभीर स्थिति में उपचार के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया। पांच घंटे के उपचार के बाद भी उसे नहीं बचाया जा सका। छात्र के लंग्स में काफी मात्रा में पानी जमा होने की वजह से मौत होने की बात सामने आई है।

# मामूली विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला, आठ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- घटना आमानाका थाना क्षेत्र की
- बोर चालू करने के विवाद पर जानलेवा हमला

आमानाका थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के चलते चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बोर चालू करने की बात को लेकर गाली-गलौज करने से रोकने पर बदमाशों ने लांड्री कर्मचारी पर लाठी, डंडे, चाकू तथा नारियल काटने वाले औजार से जानलेवा हमला कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, खेमचंद चौधरी की शिकायत पर ऋषभ नेताम, सूरज नेताम, विशाल जगत, संजय सोनी, आदित्य नाग, यशवंत सोनी, जय सोनी, रमाकांत यदु को गिरफ्तार किया है। खेमचंद ने पुलिस को बताया कि वह रविवार को अपने साथियों के साथ डूमर तालाब अटल आवास स्थित लांड्री वर्कशॉप के पास बैठा था। अटल आवास के पास बैठे बदमाशों ने खेमचंद को बोर चालू करने के लिए कहा। बोर चालू करने में देर होने पर बदमाश खेमचंद के साथ गाली-गलौज करते हुए वर्कशॉप के शटर को लात से पीटने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट करते हुए उसके शरीर के अलग-अलग भाग में चाकू तथा नारियल काटने वाले औजार से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए, जिन्हें बाद में पुलिस ने तलाश कर गिरफ्तार किया।

# 33 जिलों के लिए माह जुलाई का 552 किलोलीटर केरोसिन आवंटित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के 33 जिलों के लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने 552 किलोलीटर केरोसिन उचित मूल्य दुकानों के लिए आबंटन जारी किया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत माह जुलाई 2024 के लिए गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशनकार्डो में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत केरोसिन प्रदाय किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों एवं हॉकर्स के लिए उचित मूल्य दुकानवार ऑनलाइन आवंटन जारी किया गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अुनसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित समस्त अंत्योदय एवं प्राथमिकता वाले राशनकार्डधारी हितग्राहियों को केरोसिन की पात्रता होगी। इसी प्रकार समस्त नगरीय क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों के लिए अधिकतम एक लीटर केरोसिन की पात्रता होगी और ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों तथा गैर अनुसूचित क्षेत्रों के राशनकार्डधारियों को अधिकतम 2 लीटर केरोसिन की पात्रता होगी। खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के संचालक ने इस संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं और उचित मूल्य दुकान के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को केरोसिन का वितरण कराने के लिए कहा है।

# मंत्री बघेल ने कहा- खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने ली समीक्षा बैठक

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सोमवार को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के सभा कक्ष में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर खाद्य विभाग के सचिव बसवराजू एस. विशेष सचिव केडी कुंजाम और खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि विभाग का दायित्व एवं प्राथमिकता सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद नागरिकों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है और समय पर उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन उपलब्ध कराना है। दूरस्थ क्षेत्रों में चना, गुड़, शक्कर, राशन आदि की आपूर्ति समय पर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य वस्तुओं के आपूर्ति, भण्डारण एवं वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। खाद्य मंत्री ने चावल के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के सख्त निर्देश दिए हैं और उचित मूल्य दुकानों आंगनबाड़ी, स्कूल, छात्रावास में गुणवत्ता युक्त चावल भण्डारण एवं वितरण करने के लिए कहा है।

समीक्षा बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लक्ष्य के विरुद्ध चावल उपार्जन की स्थिति, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत चना वितरण करने के संबंध में चर्चा कह गई। शक्कर, नमक तथा केरोसिन उपभोक्ताओं को वर्षा ऋतु से पूर्व अग्रिम भण्डारण सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।

### ये है मामला

ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने वाली रचना मिश्रा के मुताबिक, वर्ष 2022 में उसे एम्स में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर आरोपी दामोदर प्रधान और मनीषा वर्मा ने सवा दो लाख रुपए ठग लिए थे। प्रार्थिया ने आरोपियों को रकम भाठागांव बस स्टैंड में दी थी।

# नए कानून बीएनएस के तहत जिले में पहली ऑनलाइन एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में नया कानून भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद राजधानी रायपुर में पहली ऑनलाइन एफआईआर दर्ज हो गई। टिकरापारा थाने में सरायपाली निवासी महिला ने नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी की ऑनलाइन तरीके से शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार नौकरी लगाने का झांसा देकर दो लोगों ने उससे सवा दो लाख रुपए ठग लिए।

महिला ने अपनी शिकायत सरायपाली थाने में जीरो में दर्ज कराई है। वहां से यह एफआईआर टिकरापारा थाने को मिली है। इसके बाद अब टिकरापारा पुलिस ने इसमें नंबरी कायम कर प्रकरण को विवेचना में ले लिया है। हालांकि प्रार्थिया को तीन दिन के भीतर थाने आकर इस एफआईआर पर हस्ताक्षर करने होंगे।

## सरायपाली पुलिस ने शून्य में ठगी का अपराध दर्ज किया

### ये है नए कानून में शून्य में अपराध दर्ज कराने का प्रावधान




- नए कानून में जीरो एफआईआर दर्ज कराने का प्रावधान शुरू किया गया है। अब किसी भी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा सकेगी और एफआईआर को 15 दिन के अंदर घटनास्थल वाले थाने में ट्रांसफर किया जाएगा। पहले घटनास्थल वाले थाने में ही एफआईआर दर्ज कराई जाती थी।
- कोई भी नागरिक अपराध के सिलसिले में कहीं भी जीरो एफआईआर दर्ज करा सकेगा। जांच के लिए मामले को संबंधित थाने में भेजा जाएगा, अगर जीरो एफआईआर ऐसे अपराध से जुड़ी है, जिसमें तीन से सात साल तक सजा का प्रावधान है तो फॉरेंसिक टीम से साक्ष्यों की जांच करानी होगी।
- फरियादी को एफआईआर और बयान से जुड़े दस्तावेज भी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। फरियादी चाहे तो पुलिस द्वारा आरोपी से हुई पूछताछ के बिंदु भी ले सकता है।

### कर रहे जांच

जिले में पहली ऑनलाइन एफआईआर का मामला टिकरापारा थाने में दर्ज हुआ है। धोखाधड़ी के मामले में सरायपाली थाने से शिकायत मिली है। जांच की जा रही है।

**- संतोष कुमार सिंह,** एसएसपी रायपुर

### ऑनलाइन एफआईआर मिली

सरायपाली थाने से ऑनलाइन एफआईआर प्राप्त हुई। इस मामले में नंबरी कायम कर प्रकरण पर कारवाई शुरू कर दी गई है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 420,34 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**- मनोज कुमार साहू,** टीआई, टिकरापारा थाना

# सीएम के समक्ष प्रबुद्धजन आज साझा करेंगे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ नीति आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट-2047 तैयार करने के संबंध में 16 जुलाई को संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संवाद कार्यक्रम में 'युवा, कृषक, महिला व प्रबुद्धजन' परिचर्चा में भाग लेंगे और विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संबंध में अपनी परिकल्पनाओं के संबंध में अपने विचार व्यक्त करेंगे।

संवाद कार्यक्रम के समापन सत्र दोपहर 3 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम में शामिल होकर 'युवा, कृषक, महिला व प्रबुद्धजनों'' से संवाद करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्त मंत्री ओपी चौधरी करेंगे। राज्य नीति आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ सत्र स्थानीय न्यू सर्किट हाउस में सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विजन/2047 की पृष्ठभूमि, परिकल्पना और विजन डाक्यूमेंट्स तैयार करने के संबंध में प्रस्तुतिकरण होगा। इसके बाद वित्त मंत्री श्री चौधरी शुभारंभ सत्र को सम्बोधित करेंगे। सुबह 11.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक 'युवा, कृषक, महिला व प्रबुद्धजनों के ग्रुप से अलग-अलग चर्चा होगी। समापन सत्र दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगा। इस सत्र में मुख्यमंत्री श्री साय के साथ 'युवा, कृषक, महिला व प्रबुद्धजनों के प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ विजन को लेकर अपनी परिकल्पना साझा करेंगे।

## खबर संक्षेप

### राज्य कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाएं देने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों सहित प्रांताध्यक्ष अनिल सिन्हा ने राज्य कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाएं देने की मांग स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की है। इस मौके पर संघ के प्रांताध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि लिमिटेड वेतन पर गुजर-बसर कर रहे कर्मचारी पर वज्रपात हो जाता है, जब परिवार का सदस्य बीमार हो जाता है। ज्ञात हो कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा दिवस के अवसर पर 1 जुलाई से अपने कर्मचारियों को कैशलेस स्वास्थ्य योजना का तोहफा दिया है। इसी तरह राज्य कर्मचारियों के लिए राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर से कैशलेस स्वास्थ्य योजना लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालयों में प्रति तीन माह के अंतराल में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि बीमारियों का समय पूर्व निदान हो सके। मांग करने वालों में संघ के तीरथराम साहू, जीआर चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, डॉ. विद्यावती चंद्राकर, मनीष दीपक साहू, योगेश्वर साहू, श्रवण सिन्हा, बीआर साहू, गोविंद राम साहू, गोपेश्वर वर्मा आदि शामिल थे।

### बाइक से रेस लगाने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** धरसींवा थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ बाइक से रेस लगाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, आर्यन बंजारे ने गोलू उर्फ गंगाधर ध्रुव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। आर्यन ने पुलिस को बताया कि वह सिलयारी में रविवार को अपने दोस्त के साथ खड़ा था। इसी दौरान गोलू नशे की हालत में उसके पास पहुंचा और बाइक से रेस लगाने के लिए कहा। आर्यन द्वारा रेस लगाने की बात से इनकार करने पर गोलू ने आर्यन के साथ मारपीट की।

### दिनदहाड़े फायरिंग, कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र अंतर्गत एक कारोबारी के कार्यालय के बाहर दिनदहाड़े फायरिंग की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय राजधानी रायपुर को शांत शहर के नाम पर जाना जाता था और छत्तीसगढ़ को शांति के टापू के नाम से जाना जाता था, लेकिन राज्य गठन होने के बाद विगत दो दशक से रायपुर अशांत हो गया है। रायपुर में अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है, गोलीकांड और फायरिंग जैसी गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं, जो की बहुत ही दुख और चिंता का विषय है।

### नीलिमा को पीएचडी

**रायपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर ने नीलिमा सिन्हा को मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग एवं मटेरियल साइंस विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय थ्योरोटीकल डेवलपमेंट ऑफ नोवल पोरस मटेरियल विथ दियर एप्लिकेशन इन सस्टेनेबल एनर्जी टेक्नोलॉजी रहा। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. पखीरा एवं डॉ. धीरेंद्र राय के नेतृत्व में पूर्ण किया। डॉ. नीलिमा के नाम पर 10 से अधिक एससीआई-स्कोपस अनुसंधान प्रकाशित हैं। वर्तमान में वे आईआईटी मुंबई में शोधरत हैं। वे भाठागांव निवासी भूपेश कुमार सिन्हा एवं शकुंतला सिन्हा की सुपुत्री हैं।



### तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया पौधारोपण



**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा तेलीबांधा मुक्तिधाम में पौधारोपण किया गया, जिसमें 45 पौधों लगाए गए। पौधारोपण करने वालों में मंडल के अध्यक्ष दिलीप इसरानी, महासचिव सुनील अजवानी के साथ ऋतुराज पेशवानी, नरेश लालवानी, हरीश अजवानी, शंकर लाल दानवानी, राजेश विधानी, अनिल हिमानी एवं गोविंद खेमानी उपस्थित रहे।

RPR_Bhoomi_16_2024-05_Layout 1 7/16/2024 1:19 AM Page 1

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



बहुड़ा यात्रा... मौसी घर से स्वस्थ ....

**लाइव इवेंट**

## अध्ययन का महत्व समझाते हुए मनाया शाला प्रवेशोत्सव

**रायपुर।** शाला प्रारंभ होने के बाद जिले के विद्यालयों में प्रवेशोत्सव का सिलसिला प्रारंभ है। इस कड़ी में सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर में नव प्रवेशी विद्यालयीन छात्र-छात्रों का शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया। आशा देवी रेखचंद लुनिया चरेटेबल ट्रस्ट द्वारा पाठ्य सामग्री वितरित की गई। पेन, पेंसिल सहित कई तरह की अध्ययन सामग्री विद्यार्थियों को वितरित की गई। समाज सेवी सुनीता बोथरा, सुदीप जैन सहित प्रधानाचार्य हेमलता यादव, तुलसी श्रीवास, उषा निषाद, सरोजनी यदु, आरती गोस्वामी, अमिता यादव, माधुरी सेन व अन्य शिक्षक मौजूद रहे।



### शिक्षा का बताया महत्व

छात्रों को अध्ययन सामग्री वितरित करने के साथ ही उन्हें शिक्षा का महत्व भी समझाया गया। शिक्षकों ने बच्चों को अनुशासन में रहकर शिक्षा प्राप्त करने और अपना श्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। बच्चे भी प्रवेशोत्सव के दौरान उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में शामिल समाजसेवियों ने बच्चों की मदद करने और उन्हें हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। नए सत्र की गतिविधियों को लेकर भी चर्चा हुई।

**समाज इवेंट**

## सिंधी पंचायत चुनाव में 100% मतदान, सुधीर नए अध्यक्ष



**रायपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत दीनदयाल उपाध्याय नगर के चुनाव संपन्न हो गए हैं। सुधीर रामानी को पंचायत का नया अध्यक्ष बनाया गया है। पूज्य सिंधी पंचायत दीनदयाल उपाध्याय नगर में कई वर्षों से चुनाव लंबित थे। यहां चुनाव करवाने की काफी समय से मांग की जा रही थी, जिसको संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी के नेतृत्व में सभी पक्षों से बात करके वहां पर चुनाव की प्रक्रिया शुरू करवाई गई। प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने कहा, परिवर्तन की जो लहर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के चुनाव से शुरू हुई है, वह लहर अब सभी पंचायतों में देखने को मिल रही है।

### मजबूत हुई लोकतांत्रिक प्रक्रिया

युवा नेतृत्व को चुने जाने पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। चुनाव जीतने के बाद सुधीर ने कहा कि वो सबको साथ लेकर चलेंगे। पूर्व पदाधिकारियों का मार्गदर्शन भी लेते रहेंगे। चुनाव की प्रक्रिया को निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाने में मुख्य चुनाव अधिकारी सतराम दास बजाज, महासचिव बलराम आहूजा, सचिव नथूलाल धनवानी, सह कोषाध्यक्ष तनेश आहूजा की मुख्य भूमिका रही। इन्होंने सभी मतदाताओं को साधुवाद और धन्यवाद देते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान करके उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत किया है। इससे सिंधी समाज में लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाने के लिए एक माहौल बनेगा। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत निरंतर प्रयासरत रहेगी कि पूरे छत्तीसगढ़ में लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाकर युवा नेतृत्व को सामने लाया जाए।

**कैंपस इवेंट**

## स्कूली छात्र पेश करेंगे नृत्य इस बार वॉटर प्रूफ पंडाल

**रायपुर।** प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमापूर्वक मनाया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन के संबंध में अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन की तमाम तैयारियों के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा एवं समस्त कार्यालयों में प्रातः 7:30 बजे तथा कलेक्टोरेट में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण होगा। कलेक्टोरेट में जिला स्तरीय पुरस्कार का वितरण किया जाएगा।

### एनसीसी कैडेट्स भी होंगे हिस्सा

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर शानदार परेड का आयोजन होगा। जिसमें पुलिस, सशस्त्र बल और एनसीसी, छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम के दौरान यातायात पार्किंग ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था पुलिस विभाग द्वारा की जाएगी। बारिश को देखते हुए समारोह स्थल पर वॉटर प्रूफ पंडाल लगाने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि पुलिस परेड ग्राउंड में साफ-सफाई, पेय जल तथा महिला पुरुष के लिए पृथक शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई इत्यादि की सम्पूर्ण व्यवस्था नगर निगम रायपुर द्वारा की जाएगी।

**माना क्षेत्र में 8 से 20 फीट तक ऊंची सभी मूर्तियों की बुकिंग पूरी, मिट्टी सूखने के बाद मूर्तिकार प्रतिमा पर लगाएंगे रंग**

# गणेश चतुर्थी से दो माह पूर्व भव्य मूर्तियां बुक, बंगाल से पहुंचे कलाकार, बाल स्वरूप और लाल बाग के थीम पर मांग अधिक

शहर के माना क्षेत्र में विघ्नहर्ता प्रतिमा बनाने का कार्य मूर्तिकारों ने शुरू कर दिया है। गणेश चतुर्थी का पर्व इस बार 7 सिंतबर को मनाया जाएगा। प्रतिमा की बुकिंग करने समितियां हर दिन विभिन्न जिलों से माना पहुंच रही हैं। मूर्तिकारों द्वारा इस बार 5 फीट से 20 फीट तक ऊंची, विशाल प्रतिमाएं तैयार की जा रही है, जिसकी कीमत 10 हजार से 1 लाख 20 हजार तक है।



### चमक बढ़ाने प्राकृतिक रंगों का प्रयोग


मूर्तिकारों ने समितियों की मांग पर विभिन्न रूप में गणेशजी की प्रतिमाएं तैयार की है। दिशा मूर्ति आर्ट के सपन मंडल ने बताया कि इस बार लालबाग के राजा, रिद्धि-सिद्धि के साथ गणेशजी के अलावा शिवजी के रूप में गणेश भगवान की प्रतिमाओं के आर्डर अधिक मिले हैं। थीम बेस्ड मूर्तियों में इस बार भी बैलगाड़ी व नाव पर परिवार सहित सवार गणेशजी की प्रतिमा राजधानी में आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा भगवान गणेश को मूषक, कमल, हाथी, शंख आदि पर विराजमान कर मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। मिट्टी से बनी मूर्तियों को रंगने इस बार प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि मूर्तियों में चमक बढ़े और विसर्जन के बाद तालाब और नदी का पानी दूषित न हो।

**रायपुर।** माना में दर्जन से अधिक मूर्तिकार 200 से अधिक प्रतिमा बना रहे हैं, जिसकी बुकिंग वर्तमान में 70 फीसदी हो चुकी है। हरिभूमि से बातचीत में बताया, गर्मी के दौरान दर्जन प्रतिमा तैयार की है, जिसमें आधी बुक हो चुकी है। नई मूर्तियों का आर्डर अब लेना बंद कर दिया है, क्योंकि अब समय कम बचा हुआ है। मिट्टी को सूखने में समय लगता है।




### सफेद रंग के बाद लगाए जाएंगे अन्य रंग

कई समितियों ने पिछले साल ही ऑर्डर दे दिया था। माना में कुछ मूर्तिकारों ने जुलाई तक आर्डर लेने की बात कही है। मूर्तियों को विशेष आकार देने के लिए बंगाल से कलाकार पहुंचे हैं। इस बार बाल गणेश, राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती के अलावा साईं बाबा के रूप में प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। प्रतिमाओं को आकार देने का काम मूर्तिकारों ने पूरा कर लिया है। अब मिट्टी के सूखने के बाद सफेद रंग के बाद अन्य रंग लगाए जाएंगे।



### 80 हजार से 1 लाख तक की सभी मूर्तियां बुक

गणेश चतुर्थी में अभी डेढ़ महीने का समय बचा हुआ है, लेकिन माना क्षेत्र में बन रही अधिकतम मूर्तियां बिक चुकी हैं। माना के श्रुति मूर्तिकला के संचालक ने बताया कि इस बार 5 फीट से 12 फीट तक की 40 से अधिक मूर्तियां बना रहे हैं, जिसमें 80 हजार से 1 लाख रुपए तक की 11 मूर्तियों की बुकिंग हो चुकी है। कई समिति पर्व से दो महीने पहले से ही बुकिंग करा चुकी हैं। मां काली मूर्तिकला के संचाल पवन बनर्जी ने बताया, इस बार 15 फीट की मूर्ति की कीमत 1 लाख 5 हजार है, वहीं 7 से 8 फीट की मूर्तियों के दाम 80 हजार तक हैं। 20 फीट की मूर्ति की कीमत 1 लाख 80 हजार बताई गई। समय पर काम पूरा करने अब नया ऑर्डर लेना भी बंद कर दिया है।



### माना में छोटी प्रतिमाओं का निर्माण कम

प्रतिमाओं के दाम इस बार पिछले साल से 5 से 8 प्रतिशत अधिक हो चुके हैं, लेकिन इसका फर्क बुकिंग पर नहीं पड़ रहा है। पर्व के महीनेभर पहले ही मूर्तिकारों की ज्यादातर प्रतिमाएं हाथों-हाथ बिक चुकी हैं। मूर्तिकारों के मुताबिक, मूर्ति बनाने के संसाधन, लकड़ी, पैरा आदि सामग्री मंहगी हो गई है। मिट्टी की कीमत बढ़ गई है। लकड़ी, बत्ता, बांस के दाम भी आसमान छू रहे हैं। मूर्ति सजावट के सामान एवं वस्त्र की कीमतें भी बढ़ गई हैं। सभी में पिछले साल से 5 फीसदी से अधिक दाम बढ़े हैं। इस बार माना में छोटी-छोटी गणेश मूर्तियों का निर्माण मूर्तिकारों ने कम किया है।



# 10वीं-12वीं की दूसरी परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी त्रुटि होने पर सूचित करना होगा मंडल को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाईस्कूल व हायर सेकंडरी की द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए प्रवेश-पत्र मंडल की वेबसाइट www.cgbse.nic.in व संबंधित संस्था के पोर्टल में अपलोड किया जा चुका है। मंडल की ओर से जारी पत्र में निर्देशित किया गया है कि संबंधित संस्था अपने संस्था से अग्रेषित परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र पोर्टल से डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विषयों को अनिवार्य रूप से मिलान कर लें। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो, तो इसकी सूचना तत्काल मंडल कार्यालय को देने का निर्देश दिया गया है। हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी की द्वितीय मुख्य अवसर परीक्षा 2024 के मूल प्रवेश-पत्र 20 जुलाई को जिले के समन्वय संस्था से वितरित किया जाएगा। वितरण दिनांक को समन्वय संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश पत्र प्राप्त करने कहा गया है। माशिम की वेबसाइट में प्रवेशपत्र देख सकते हैं। इसके साथ ही डाउनलोड भी कर सकते हैं।




### 21 को दो पाली में होगी परीक्षा

*सीजी व्यापम की ओर से जारी की गई नोटिफिकेशन के मुताबिक उम्मीदवारों के रजिस्टर्ड नंबर पर भी एडमिट कार्ड से संबंधित एक लिंक भेजा गया है। इस लिंक पर क्लिक करके भी अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से सीजी-सेट 2024 का आयोजन 21 जुलाई को राज्य के 8 जिला मुख्यालयों में 2 शिफ्ट में करवाया जाएगा।*

### राज्य पात्रता परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा-2024 में शामिल होने के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए बड़ी खबर है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ओर से परीक्षार्थियों के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। प्रवेश पत्र ऑनलाइन माध्यम से सीजी व्यापम की ऑफिशियल वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर जारी किए गए हैं। आवेदनकर्ता वेबसाइट पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल भरकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# कांदे नवमी : उठाया प्याज से बने व्यंजनों का लुत्फ

**रायपुर।** भगिनी मंडल और महाराष्ट्र मंडल चोबे कॉलोनी केंद्र ने विभिन्न रोचक खेलों के साथ कांदे नवमी पर्व का मनोरंजक आयोजन किया। चौबे कॉलोनी स्थित भगिनी मंडल के भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में आषाढ़ी एकादशी पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें आकांक्षा गद्रे विजेता और श्रुती बर्वे उप विजेता रहीं। तृतीय स्थान पर पुष्पा गोवर्धन को संतोष करना पड़ा।



### महिलाओं ने दर्ज कराई भागीदारी

प्रतियोगिता की जज शिल्पा वरवंडकर थीं। उपस्थित सदस्यों ने कांदे नवमी के अवसर पर प्याज से बने व्यंजनों का स्वाद लिया। प्याज से बने विविध तरह के पकवान एक ही छत के नीचे देखने को मिले। चौबे कॉलोनी केंद्र की संयोजिका अक्षता पंडित के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में डॉ. नलिनी राजिमवाले, प्रमोदिनी देशमुख, अपर्णा कालेले, चारुशीला देव, प्रीति शेष, कीर्ति हिशीकर, गौरी क्षीरसागर, अर्चना मुकादम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

**सावन से पहले बिक्री, व्यवसायियों का कहना-बीते एक साल में 70 फीसदी बढ़ी इसकी बिक्री**

**कार्नर न्यूज**

# नेपाल से आ रहे राजधानी में रुद्राक्ष, पंचमुखी की मांग सबसे अधिक यूथ में भी क्रेज, यूनिक डिजाइन संग पिरो रहे ब्रेसलेट और माला में

**रायपुर।** शहरवासियों के मध्य बीते कुछ सालों में रुद्राक्ष की डिमांड बढ़ गई है। लोग हजारों से लेकर लाखों रुपए कीमती रुद्राक्ष धारण कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार, शहर में एकमुखी रुद्राक्ष से 21 और 27 मुखी रुद्राक्ष तक मौजूद है। जिसकी खरीदी विभिन्न स्थानों से की जाती है। लोग अपने जरुरत व राशि के अनुसार इसे खरीदना पसंद करते हैं। गोलबाजार स्थित एक निजी दुकान के संचालक गिरधर राव ने बताया, प्रत्येक माला की कीमत विभिन्न है, जिमसें पंचमुखी रुद्राक्ष अधिकतर लोग खरीदना पसंद करते हैं। दुकान में मौजूद प्रत्येक रुद्राक्ष डूमरतराई बाजार से लाई गई है।

सावन माय में शिव भक्तों के बीच इसकी बिक्री बढ़ गई है। भोलेनाथ के श्रृंगार के साथ ही रुद्राक्ष को हाथ और गले में धारण करने के लिए भी भक्त खरीद रहे हैं। ऑर्डर देकर विशेष आकृति में उनके द्वारा माला और ब्रेसलेट भी तैयार करवाए जा रहे हैं। युवाओं में भी इसका क्रेज बढ़ा है। इसे देखते हुए शहर के दुकानों में भी बड़ी संख्या में इन्हें मंगवाया जा रहा है।




### लाखों में बिक रहे रुद्राक्ष

शहर स्थित एक दुकान के संचालक विवेकानंद गुप्ता के अनुसार भी पंचमुखी रुद्राक्ष की सबसे अधिक खरीदी जाती है। बीते कुछ सालों में लगभग 25-30 प्रतिशत तक इसकी खरीदी बढ़ी है। 14 मुखी रुद्राक्ष के बाद सभी रुद्राक्ष की कीमत लाखों की होती है। एक-एक रुद्राक्ष अपने आप में अनोखा व महत्वपूर्ण होता है। इसे व्यक्ति अपने पंडित या राशि के अनुसार पहनना पसंद करते हैं। खरीदारों की मांग के अनुसार दुकान में रुद्राक्ष उपलब्ध कराई जाती है।

### मुश्किल से प्राप्त होता है गोलामुखी रुद्राक्ष

गोलबाजार स्थित एक निजी दुकान संचालक शरद कुंबलकर ने बताया, दुकान में 1 से 14 मुखी रुद्राक्ष मौजूद है। दुकानों में विशेष प्रकार की माला है, जिसमें 1 से लेकर 14 मुखी रुद्राक्ष तक होते हैं। इसकी कीमत 3500 रुपए तय है। बीते कुछ साल में रुद्राक्ष माला की बिक्री 70 प्रतिशत तक बढ़ी है। इसमें 14 मुखी रुद्राक्ष के एक नग की कीमत 18,500 रुपए तक है। 1 मुखी रुद्राक्ष के दो प्रकार होते हैं-पहला काजूमुखी रुद्राक्ष और दूसरा गोलामुखी रुद्राक्ष है। इसमें सामान्य तौर पर काजूमुखी रुद्राक्ष मिल जाता है, लेकिन गोला मुखी रुद्राक्ष बहुत मुश्किल से प्राप्त होता है। जिसकी एक नग रुद्राक्ष की कीमत 2 लाख से ऊपर तय है। दुकान में मौजूद सभी रुद्राक्ष नेपाल से लाया जाता है।



### दुकान संचालकों के अनुसार एक नग रुद्राक्ष की कीमत

1 मुखी रुद्राक्ष- काजू दाना रुद्राक्ष - 1 हजार से 2 हजार, गोला दाना रुद्राक्ष- 80 हजार से 7 लाख रुपए
2 मुखी रुद्राक्ष- 100 रुपए से 20 हजार
3 मुखी रुद्राक्ष- 100 रुपए से 700 रुपए
4 मुखी रुद्राक्ष- 20 रुपए से शुरुआत
5 मुखी रुद्राक्ष- 5 रुपए से 100 रुपए
6 मुखी रुद्राक्ष-40 रुपए से शुरुआत
7 मुखी रुद्राक्ष- 250 रुपए से 350 रुपए
8 मुखी रुद्राक्ष- 3500 रुपए से शुरुआत
9 मुखी रुद्राक्ष- 3500 रुपए से शुरुआत
10 मुखी रुद्राक्ष- 3500 रुपए से शुरुआत
11 मुखी रुद्राक्ष- 3500 रुपए से शुरुआत
12 मुखी रुद्राक्ष- 3500 रुपए से शुरुआत
13 मुखी रुद्राक्ष- 6 हजार से 10 हजार
14 मुखी रुद्राक्ष - 30 हजार से 50 हजार
15 मुखी रुद्राक्ष से आगे प्रत्येक रुद्रक्ष की कीमत 3 लाख से 5 लाख तय है।

## सिटी लाइव

# जड़ों के साथ जुड़कर बन सकते हैं वैश्विक महाशक्ति



रायपुर। नई शिक्षा नीति का लक्ष्य भारत को ज्ञान में वैश्विक महाशक्ति के रूप में स्थापित करना है, किंतु उसकी जड़ें भारत की संस्कृति एवं मूल्यों से बंधी हो। उक्त बातें शिक्षाविद् डॉ. हेमलता एस मोहन ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कही। यह कार्यशाला स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा अकादमिक सदस्यों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रति व्यापक समझ विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने कहा, आगामी एक वर्ष का कार्य महत्वपूर्ण होने वाला है। विगत छः माह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं। शेष 70 प्रतिशत कार्य भी प्रारंभ हो गया है।

### नवाचार को स्थान देना आवश्यक

छत्तीसगढ़ की पुस्तकों को स्थानीय स्तर के अनुकूल बनाना गया है, शिक्षक तभी अच्छे ढंग से पढ़ा पाएंगे जब वे स्वयं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षित होंगे। प्रशिक्षण में भी नवाचार को स्थान देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य में शाला त्यागी बच्चों से संपर्क कर स्कूल तक वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है। अतिथि वक्ता महेन्द्र मिश्रा द्वारा बहुभाषावाद और भाषा की शक्ति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत के सभी बच्चों के लिए काम करना हर शिक्षाविद का धर्म होना चाहिए तथा भाषा माध्यम नहीं लक्ष्य होना चाहिए। एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ सहित अन्य अधिकारी कार्यक्रम में शामिल रहे।

## कैंपस लाइव

# प्रदेश की विलुप्तप्राय परंपरागत फसल प्रजातियों का होगा संरक्षण



रायपुर। छत्तीसगढ़ की परंपरागत विशेषकर विलुप्तप्राय फसल प्रजातियों के संरक्षण और संवर्धन के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय तथा एलायंस ऑफ बायोवर्सिटी इंटरनेशनल और सीआईएटी के मध्य समझौता हुआ। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में विभिन्न फसलों की परंपरागत देसी किस्मों विशेषकर चावल की विलुप्त हो रही देसी किस्मों का संरक्षण तथा विकास करना है। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक आर्थिक वर्गों में व्याप्त कुपोषण को दूर करना तथा खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराना भी है। समझौता ज्ञापन में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल तथा एलायंस ऑफ बायोवर्सिटी इंटरनेशनल के भारत के प्रतिनिधि डॉ.जेसी राणा ने हस्ताक्षर किए। इस परियोजना के तहत विगत दस वर्षों में कोरिया, सरगुजा तथा धमतरी जिलों में तीन सामुदायिक बीज बैंक स्थापित किए गए हैं। धान की जीरा फूल और नगरी दुबराज प्रजातियों को जीआई टैग प्राप्त हुआ है।

### जैव विविधतों का आदान-प्रदान आवश्यक

कुलपति ने कहा, कृषि जैव विविधता पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की विवि की योजना है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के बीच जैव विविधता से जुड़े ज्ञान का आदान-प्रदान करना है। एलायंस ऑफ बायोवर्सिटी इंटरनेशनल और सीआईएटी प्रमुख डॉ. जेसी राणा ने जोर दिया कि मौजूदा औपचारिक बीज प्रणाली के साथ किसानों के खेत और उपभोक्ताओं के बीच मौजूदा अंतर को भरने के लिए विभिन्न फसलों की पहचान की गई है और संभावित भूमि प्रजातियों के बाजार लिंक पर अधिक प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि पारंपरिक किस्मों की पोषण संबंधी रूपरेखा पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए। विभिन्न विभागाध्यक्षों सहित वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## एजूकेशन अपडेट

# आईआईटी के पीजी प्रोग्राम के लिए आवेदन सितंबर से

रायपुर। देशभर के विभिन्न आईआईटी संस्थानों में संचालित होने वाले एमएससी, एमटेक, पीएचडी प्रोग्राम्स में प्रवेश के लिए प्रति वर्ष स्नातकोत्तर उपाधि के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जैम) का आयोजन किया जाता है। अब वर्ष 2025 में प्रवेश प्रक्रिया के लिए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दिल्ली की ओर से शेड्यूल घोषित कर दिया गया है। ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स 2025 के लिए आईआईटी दिल्ली की ओर से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 3 सितंबर से शुरू होकर 11 अक्टूबर 2024 तक पूर्ण की जाएगी। रजिस्ट्रेशन शुरू होते ही अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट jam2025.iitd.ac.in पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे।

### महत्वपूर्ण तिथियां

रजिस्ट्रेशन शुरू होने की तिथि: 3 सितंबर 2024
पंजीकरण की लास्ट डेट: 11 अक्टूबर 2024
संशोधन की अंतिम तिथि: 30 नवंबर 2024
एडमिट कार्ड जारी होने की तिथि: जनवरी 2025
परीक्षा की तिथि: 2 फरवरी 2025

### ऐसे कर सकेंगे आवेदन

इस एग्जाम में भाग लेने के लिए उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे। आवेदन के लिए आपको सबसे पहले पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल भरनी होगी। इसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर अभ्यर्थी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। अंत में निर्धारित शुल्क जमा करके पूर्ण रूप से भरे हुए फॉर्म का एक प्रिंटआउट निकालकर सुरक्षित रख सकते हैं।

● भगवान जगन्नाथ की भाई बलराम व बहन सुभद्रा संग मंदिर वापसी

# बहुड़ा यात्रा... मौसी घर से स्वस्थ होकर अपने निवास स्थान लौटे जगन्नाथ, भक्तिभाव से श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

"गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ की वापसी सोमवार को हुई। रथ यात्रा की तर्ज पर शहवासियों की भीड़ यात्रा के दौरान देखने को मिली। राजधानी के मंदिर में भी पुरी की तर्ज पर यात्रा का संचालन किया गया। शहर के विभिन्न मंदिरों में अलग-अलग मुहूर्त व समय में जगन्नाथ मंदिर के लिए रथयात्रा संचालित की जा रही है। सभी मंदिरों में इस दौरान भक्तिमय माहौल नजर आ रहा है।

रायपुर। सोमवार को जय जगन्नाथ....की जयकारों के साथ मंदिर परिसर गूंज उठा, जहां भक्तों की भीड़ लगातार जयकारों के साथ रथ खींचते चली गई। समय से पहले ही भक्तों की भीड़ मंदिर परिसर में देखने को मिली। शाम 4 बजे रथयात्रा की शुरुआत हुई, जिसमें बच्चों से लेकर महिलाएं, पुरुष व युवाओं की भीड़ देखने को मिली। रथयात्रा की ही तरह सोमवार को भक्तों की भीड़ श्री जगन्नाथ के मंदिर वापसी यात्रा में शामिल हुई।

### 56 भोग से श्री जगन्नाथ का स्वागत



### चलता रहा भजन का दौर

विधायक पुरन्दर मिश्रा ने बताया, भजन, हवन, आरती के साथ भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा यात्रा प्रारंभ की गई। विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत भी शामिल हुए। यहां ओडिशा से आए कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। मंदिर प्रांगण पहुंचते साथ ही मंदिर प्रबंधन के सदस्यों ने मिलकर भगवान की प्रतिमा का स्वागत किया। श्री जगन्नाथ, भाई बलराम व बहन सुभद्रा के प्रतिमाओं को पुनः विराजमान कर भव्य आरती की गई। इस अवसर पर कई मिष्ठान भक्तों द्वारा भोग स्वरुप अर्पित की गई।



मंदिर के भोला साहू ने बताया, बहुड़ा यात्रा के दिन श्री जगन्नाथ की वापस हुई। सुंदर नगर स्थित मंदिर में भगवान को पुनः अपने धाम लाया गया, इस दौरान यात्रा का मार्गदर्शन तमाल कृष्ण दास के द्वारा किया गया। मंदिर परिसर को रंगोली व रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से यात्रा निकाली गई, जिसे गुंडीचा मंदिर से सुंदर नगर स्थित मंदिर लाया गया। सोमवार को सुबह 12 बजे महिमा विहार से 56 भोग व महाआरती के साथ भगवान की प्रतिमा को लाया गया।

### सदर बाजार और पुरानी बस्ती में 17 को वापसी

टूरी हटरी जगन्नाथ मंदिर के पं.राम छवि ने बताया, 17 जुलाई को रात 7 बजे भगवान को मंदिर परिसर लाया जाएगा। रथयात्रा के साथ गाजा-बाजा के साथ प्रभु धाम वापस आएंगे। जहां हवन, भजन कीर्तन किया जाएगा। वहीं पं.कपिल देव तिवारी ने बताया, लिली चौक में विराजे जगन्नाथ प्रभु 17 जुलाई को शाम पांच बजे वापस मंदिर परिसर के लिए जाएंगे। पुरानी बस्ती स्थित जोशी परिवार द्वारा विराजमान प्रभु श्री जगन्नाथ,बलराम व सुभद्रा की प्रतिमा का भव्य पूजन इस दौरान होगा।



### ओडिशा से आए मुख्य पुजारी

अश्वनी नगर जगनन्नाथ सेवा समिति द्वारा भी बहुड़ा यात्रा निकाली गई। मौसी के घर चंगोराभाठा से बहुड़ा यात्रा प्रारंभ हुई। इस 9 दिन के कार्यक्रम में ओडिशा से आए मुख्य पुजारी प्रमोद कुमार देवता के तत्वधान में पूजा को संपन्न की गई। भक्त परिवारों को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, माता सुभद्रा जी की सेवा करने का सौभाग्य मिला। मंदिर समिति की ओर से प्रमोद नाथ, दिलीप कुमार, सरोज दास व अन्य शामिल रहे। मंदिर समिति की तरफ से आगामी गुरूवार 18 जुलाई को महाभंडारा रखा गया है।

### गाजे-बाजे संग वापसी

सुंदर नगर स्थित इस्कॉन मंदिर में भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम व बहन सुभद्रा की घर वापसी कुछ नए अंदाज के साथ की गई। इस दौरान भगवान की प्रतिमा को कार में लाया गया और कार के साथ भक्तों की कतार चलती रही। जहां मंदिर परिसर पहुंचते ही श्री जगन्नाथ का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था, जो जयकारों व भजनों की ताल पर नाचते, झूमते नजर आए। साज-सज्जा व चमचमाते पोशाक में श्री जगन्नाथ ने अपने भाई बलराम व बहन सुभद्रा के साथ मंदिर वापसी की। इस अवसर पर वत्सल, दया निधि, रोहिणी नंदन, दीपांशु कृष्ण, सौरभ सक्सेना, आशुतोष, योगेश्वर, परवीन गिरी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

## अंतिम दिन रही हलचल ....



रायपुर। दूसरी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए सोमवार को एडमिशन प्रक्रिया पूरी करने अंतिम मौका दिया गया। अन्य दिनों की तुलना में शहर के महाविद्यालयों में सोमवार को अधिक हलचल रही। इसके अलावा अधिकतर महाविद्यालयों में सोमवार से कक्षाएं प्रारंभ भी हो गईं। इसके कारण भी कैंपस की रौनक लौट गई। 16 जुलाई से सीटें सभी के लिए खोल दी गई हैं, अर्थात आज से छात्रों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश मिलेंगे।





# साथ आए सामाजिक और धार्मिक संगठन पर्यावरण बचाने पर्ची संग रोपे गए पौधे



रायपुर। गजराज बांध संरक्षण समिति, रोटरी क्लब ऑफ, भारतीय जैन संगठन, पर्यावरण प्रेमी संगठन, गायत्री परिवार सहित विभिन्न नागरिकों के संयुक्त तत्वाधान में भव्य वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ परिवार के नाम, एक पेड़ पर्यावरण के नाम, ऐसे कुल 31 पौधों का पर्ची के साथ वृक्षारोपण किया गया। इसके अलावा जिन भी संस्था एवं नागरिकों द्वारा वृक्ष लगाएं गए हैं, उन्हें एक सीमेंट का गमला और एक बेल का पौधा उपहार स्वरूप गजराज बांध संरक्षण समिति द्वारा भेंट किया गया। आगंतुकों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

# शिक्षकों संग मिलकर बच्चों ने रोपे पौधे



रायपुर। संकुलस्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय विद्यालय अमलीडीह में किया गया। विधायक मोतीलाल साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस आयोजन में अमलीडीह क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया। सर्वप्रथम प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों को पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। इसके बाद पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को गणवेश एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। विभिन्न कक्षाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों के लिए डिस्क के माध्यम से अध्ययन संबंधित वीडियो देखने के लिए पुस्तकालय में लगाए गए टीवी का उद्घाटन किया गया। इससे विद्यार्थियों को अपनी आवश्यकतानुसार विषय संबंधित जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी। कार्यक्रम समाप्ति से पूर्व शासन की योजना 'एक पेड़ मां के नाम' अंतर्गत विद्यालय में वृक्षारोपण किया गया।

गुरू के सम्मान में महिलाओं ने सिर पर कलश ले निकाली यात्रा, मंगल प्रवेश से माहौल भक्तिमय

# 121 दिन बाद खोला उपवास, अब चार माह प्रवचन, कहा-खुद करीब रहें, परमात्मा की वाणी को सिर्फ बाहर से ना सुनें

## कार्नर न्यूज

रायपुर। सदर बाजार जैन मंदिर से एमजी रोड स्थित दादाबाड़ी तक सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रास्ते भर में जिन शासन के जयकारे गूंजते रहे और गुरुभक्ति का उल्लास छाया रहा। वरघोड़े के साथ घोड़े की पालकी यात्रा के साथ चलती रही। गुरू के सम्मान में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लेकर मंगल कलश यात्रा निकाली, जो शोभायात्रा के साथ चल रही थी। जैन संत श्री विरागमुनि जी के प्रवेश के दौरान दादाबाड़ी में सुमधुर संगीतमयी प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। भजनों की प्रस्तुति को मुनिश्री ने आत्मजागृती का अलार्म बताया। मंगल प्रवेश के बाद मुनिश्री ने भगवान धर्मनाथ मंदिर के दर्शन किये और फिर प्रवचन स्थल पर आसन ग्रहण किया। इसके साथ ही उन्होंने अपना 121 उपवास पूर्ण कर सोमवार को पारणा किया। आत्मस्पर्शी चातुर्मास 2024 के पदाधिकारियों ने रायपुर श्रीसंघ को चातुर्मास प्राप्त होने आभार जताया।

*सदर बाजार जैन मंदिर से एमजी रोड स्थित दादाबाड़ी तक जिन शासन की जयकार*



### जीवन काल में 84 लाख योनियों में प्रवेश

मुनिश्री ने कहा कि जैसे जन्म मृत्यु निश्चित है वैसे ही संतों का चातुर्मासिक प्रवेश और उनकी गोचरी भी निश्चित है। आज भगवान धर्म नाथ के मंदिर में मंगल प्रवेश के दौरान हुई वह संगीतमय प्रस्तुति खुद को आत्मजागृत करने का अलार्म है। यह प्रवेश शब्द हम रोज उपयोग करते हैं। हमने अपने जीवनकाल में 84 लाख योनियों में प्रवेश किया। कभी स्कूल में प्रवेश किया, कभी कॉलेज में प्रवेश किया, कभी डॉक्टरी की पढ़ाई में प्रवेश किया तो कभी इंजीनियरिंग और सीए की पढ़ाई में प्रवेश किया। हम रोज घर में प्रवेश करते हैं, ऑफिस में प्रवेश करते हैं, जबकि हमें ऐसे स्थान पर प्रवेश करना है, जहां केवल एक बार प्रवेश करना पड़े बार-बार नहीं। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय कांकरिया और कार्यकारी अध्यक्ष अभय कुमार भंसाली ने बताया कि दादाबाड़ी में सुबह 8.45 से 9.45 बजे मुनिश्री का प्रवचन होगा।

### आचरण में उतारें प्रवचन की सीख



प्रवचन में उन्होंने कहा, चातुर्मास की जिनवाणी सिर्फ श्रवण का कार्य नहीं है। जिनवाणी हमारे जीवन का एक आधार है। सुनना और सुनकर उसे अपने जीवन में उतारना। आप जिनवाणी को आचरण में नहीं ले पा रहे तो जीवन की गाड़ी सुचारू रूप से नहीं चल पाएगी। वैसे ही परमात्मा की वाणी को सिर्फ बाहर से सुनना नहीं है। उनकी वाणी को आप जितना अपने जीवन में उतारते गए, उतना आप जीते गए। चातुर्मास का मतलब यह है कि इस चार महीने में बाहर के सांसारिक जीवन की गतिविधियां लगभग बंद हो जाती हैं। जैसा कि बाहर आना-जाना, शादी समारोह आदि कार्यक्रम चार महीने बंद हो जाते हैं और वहीं, धर्म की लाइन ऑन कर दी जाती है। अब इस चार महीने में क्या करेंगे? इन चार महीने अपने करीब रहना है। अपने जितने निकट रहोगे आप परमात्मा महावीर के उतने ही प्रिय बनोगे।

ये भी जानें...

## जानें मंगलवार का आपका लकी नंबर और शुभ रंग कौन सा होगा



अंक ज्योतिष द्वारा अंकों के माध्यम से व्यक्ति के विषय एवं उसके भविष्य को जानने का प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए समझिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 23 अप्रैल को हुआ है तो उसकी जन्म तारीख के अंकों का योग 2+3=5 आता है। यानी 5 उस व्यक्ति का मूलांक कहा जाएगा। अगर किसी की जन्मतिथि दो अंकों यानी 11 है तो उसका मूलांक 1+1= 2 होगा। वहीं, जन्म तिथि, जन्म माह और जन्म वर्ष का कुल योग भाग्यांक कहलाता है। जैसे अगर किसी का जन्म 22-04-1996 को हुआ है तो इन सभी अंकों के योग को भाग्यांक कहा जाता है। 2+2+0+4+1+9+9+6=33=6 यानी उसका भाग्यांक 6 है। इस अंक ज्योतिष को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक अंक ज्योतिष आपके मूलांक के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल हैं या नहीं।

**अंक 1 :** जीवन का यह चरण काफी समृद्ध है क्योंकि आप अपनी ऊर्जा का सही दिशा में प्रयोग कर रहे हैं। अभी कार्य और करियर पर ध्यान दें व अपने अधिकारों का अच्छे तरीके से प्रयोग करें।
शुभ अंक- 4, शुभ रंग- केसरिया

**अंक 2 :** वाहन, घर या घरेलू मामले आपका अतिरिक्त समय लेंगे, इसके लिए तैयार रहें। आज अपने परिवार को समय दें हालाँकि इससे आपका काम प्रभावित हो सकता है।
शुभ अंक- 2, शुभ रंग- सफेद

**अंक 3 :** तनाव से बचें और चीजों को हलके में लें। लोगों के बारे में न अधिक सोचें क्योंकि आप उन पर निर्भर नहीं है। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।
शुभ अंक- 7, शुभ रंग- गुलाबी

**अंक 4 :** आप अभी अपनी चिंताओं को शेयर करने और दूसरों कनेक्ट होने की आवश्यकता महसूस करेंगे। यह चिंताएं छोटे भाई या सहकर्मियों से सम्बन्धित हो सकती हैं।
शुभ अंक- 3, शुभ रंग- पीला

**अंक 5 :** छोटी यात्रा या भ्रमण के लिए तैयार रहें। संगीत और डांस आकर्षित करेंगे और आपको खुशी और आत्म-मूल्य की भावना दे सकता है। अगर आप पार्टनर खोज रहे हैं तो आपकी तलाश आज खत्म होगी।
शुभ अंक- 6, शुभ रंग- लाल

**अंक 6 :** आज ख़ुशी और दिलचस्पी चरम सीमा पर है किंतु सोच कर ही खर्च करें। मनुष्य द्वारा की गयी सबसे बड़ी गलती ही भविष्य में अच्छे निर्णय लेने में सहायता करती है।
शुभ अंक- 5, शुभ रंग- नीला

**अंक 7 :** धन सम्बन्धी मामले अभी आपके दिमाग में है और आपकी नजर लक्जरी सामान जैसे आभूषणों आदि पर है। अधिक खर्च न करें। आपके परिवार को किसी संकट जैसे स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से निपटने के लिए आपकी ज़रूरत पड़ेगी।
शुभ अंक- 6, शुभ रंग- पीला

**अंक 8 :** आने वाले बदलाव की योजनाएं बनाने के लिए यह उचित समय है। आपने जो परिपक्वता प्राप्त की है, उससे आप दूसरों को अधिक देने और स्वयं कम लेने में विश्वास करते हैं।
शुभ अंक- 8, शुभ रंग- हरा

**अंक 9 :** पुराने परिचितों से मिलने की संभावना है। किसी सलाहकार और परिवार के साथ जुड़े रहें ताकि ज़रूरत के समय सहायता मिल सके।
शुभ अंक- 18, शुभ रंग- सुनहरा

## घर के बाहर नेम प्लेट लगाते समय जरूर ध्यान रखें ये बातें



नेम प्लेट लगाते समय वास्तु नियमों का पालन करना बहुत जरूरी होता है। गलत तरीके से नेम प्लेट लगाने से घर में वास्तु दोष लगता है, जिसका सीधा असर घर के सदस्यों पर पड़ता है। इसलिए, नेम प्लेट लगाते समय हर इंसान को कुछ खास नियमों का पालन करना चाहिए। वास्तु शास्त्र एक प्राचीन विज्ञान है जो ऊर्जा के संतुलन और सकारात्मकता के प्रवाह पर आधारित है। इसका मानना है कि हमारे आसपास की हर चीज, चाहे वह घर हो, ऑफिस हो या कोई भी वस्तु, हमारी ऊर्जा को प्रभावित करती है। वास्तु शास्त्र में घर के प्रवेश द्वार का बड़ा महत्व होता है क्योंकि ऊर्जा का प्रवेश भी यहीं से होता है। अक्सर लोग अपने घर का कुछ नाम रखते हैं और गेट पर नेम प्लेट लगाते हैं। नेम प्लेट न केवल घर की पहचान होती है, बल्कि यह घर में प्रवेश करने वाली ऊर्जा को भी प्रभावित करती है।

नेम प्लेट को घर या ऑफिस के मुख्य द्वार पर ही लगाना चाहिए।
कभी भी टूटी या खराब नेम प्लेट मुख्य द्वार पर नहीं लगाना चाहिए, ऐसा करने से घर में वास्तु दोष लगता है।
नेम प्लेट कभी भी ऐसी जगह लगाएं जिसे दूर से भी आसानी से देखा जा सके। इसलिए नेम प्लेट को दरवाजे के ऊपर या दीवार के कोने पर जैसे उच्च स्थान पर ही लगाएं।
वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के बाहर नेम प्लेट लगाने के लिए उत्तर और पूर्व दिशा सबसे उत्तम होती है।
उत्तर दिशा करियर और समृद्धि से जुड़ी होती है। उत्तर दिशा को शुभ दिशा माना जाता है। वहीं पूर्व दिशा को स्वास्थ्य और ज्ञान से जोड़कर देखा जाता है।

आहार में छोटा सा बदलाव करके एक साथ तीन स्वास्थ्य समस्याओं को कर सकते हैं लक्षित

# मधुमेह, फैटी लिवर-मोटापा तीनों में फायदेमंद है 'ये आटा'

डायबिटीज दुनियाभर में तेजी से बढ़ती गंभीर क्रोनिक बीमारियों में से एक है। साल 2021 के आंकड़ों के अनुसार करीब 537 मिलियन (53.7 करोड़) से अधिक लोग इस रोग के शिकार हैं। डायबिटीज अपने साथ कई तरह की अन्य बीमारियां जैसे आंखों-किडनी की समस्या, तंत्रिकाओं के विकार और फैटी लिवर जैसी लिवर की दिक्कतें भी लेकर आती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इन समस्याओं से बचे रहने के लिए जरूरी है कि ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल रखा जाए, और ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने के लिए जरूरी है कि आपकी दिनचर्या और आहार दोनों ठीक हो।



### हरे कटहल के आटे से मधुमेह में लाभ के प्रमाण

पिछले अध्ययन में वैज्ञानिकों ने बताया था कि हरे कटहल के आटे का इस्तेमाल करने से टाइप-2 डायबिटीज के रोगियों को काफी लाभ मिल सकता है। कटहल का आटा मधुमेह रोगियों में प्लाज्मा शर्करा के स्तर को कम करने और ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन (एचबीए1सी) को नियंत्रित करने में काफी कारगर गया था। ग्लाइकोसिलेटेड हीमोग्लोबिन का बढ़ना, मधुमेह का संकेत माना जाता है। अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन सम्मेलन में टाइप-2 डायबिटीज को नियंत्रित करने वाले पेटेंटेड हरे कटहल के आटे पर नैदानिक परीक्षण के चार साल बाद हालिया अध्ययन में इसे फैटी लीवर और मोटापे को रोकने में भी कारगर बताया गया है। शोधकर्ताओं में से एक और हरे कटहल का आटा बनाने वाली कंपनी के संस्थापक जेम्स जोसेफ कहते हैं, इस अध्ययन के परिणाम काफी बेहतर रहे हैं। आहार में छोटा सा बदलाव करके हम एक साथ तीन स्वास्थ्य समस्याओं को लक्षित कर सकते हैं।



### मोटापा और फैटी लिवर में भी मिलता है लाभ

अमेरिकन सोसाइटी फॉर न्यूट्रिशन (एएसएन) सम्मेलन में इस अध्ययन के साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं। जेएसएस मेडिकल कॉलेज, मैसूर में जैव रसायन विभाग की प्रोफेसर और वैज्ञानिक डॉ दिव्या पी. कुमार के नेतृत्व में ये अध्ययन किया गया है। चूहों पर किए गए इस शोध में पता चला है कि हरे कटहल के आटे के तीन महीने सेवन से न सिर्फ शरीर के वजन में वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सकता है साथ ही ये लिवर में फैट जमने की समस्या को कम करने में भी प्रभावी है। शोध की रिपोर्ट में डॉ. दिव्या ने बताया, गेहूं के आटे के साथ प्लेसबो समूह की तुलना में इससे इंसुलिन संवेदनशीलता में भी सुधार देखा गया है। इससे इंफ्लामेशन और लिपोजेनेसिस मार्करों में भी काफी कमी आ सकती है।



## 30 की उम्र में भी हो सकते हैं गठिया के शिकार

हड्डियों की कमजोरी और गठिया जैसी समस्याएं कुछ दशकों पहले तक उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कतों के रूप में जानी जाती थीं, हालांकि अब कम आयु में भी लोग इसके शिकार होते जा रहे हैं। खराब लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण 30 से कम उम्र के लोगों में भी गठिया का खतरा देखा जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में से पंद्रह प्रतिशत ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित हैं। ये गठिया के सबसे आम रूपों में से एक है जो दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है।

वैसे तो 20 से 30 की उम्र में ऑस्टियोआर्थराइटिस के लक्षणों की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि ये अक्सर व्यस्त और जीवनशैली की अन्य स्थितियों के साथ ओवरलैप हो सकते हैं। हालांकि, लगातार जोड़ों में दर्द और अकड़न होने, जोड़ों के लचीलेपमी और घुटनों में समस्याओं पर ध्यान देकर इसकी पहचान की जा सकती है।

**ऑस्टियोआर्थराइटिस की बढ़ती समस्या :** ऑस्टियोआर्थराइटिस तब होता है जब हड्डियों के सिरों को सहारा देने वाली सुरक्षात्मक कार्टिलेज खराब होने लग जाती है। ऑस्टियोआर्थराइटिस वैसे तो शरीर के किसी भी जोड़ को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन यह विकार सबसे ज्यादा हाथों, घुटनों, कूल्हों और रीढ़ के जोड़ों को प्रभावित करता है। उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों में ये दिक्कत होना आम है। हालांकि शारीरिक निष्क्रियता, ज्यादा बैठे रहने की आदत जैसी स्थितियों के कारण युवा भी इसके शिकार हो रहे हैं। ऑस्टियोआर्थराइटिस के लक्षणों को आमतौर पर नियंत्रित किया जा सकता है, पर जोड़ों को होने वाले नुकसान को ठीक नहीं किया जा सकता है।



### 1. वजन कर लें नियंत्रित

जॉन्स हॉप्किंस में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार अध्ययनों से पता चलता है कि वजन कम करने से घुटने में होने वाली गठिया की इस दिक्कत से बचाव किया जा सकता है। वजन बढ़ने के साथ जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव भी बढ़ने लग जाता है। अक्सर बने रहने वाले दबाव के कारण जोड़ों की मांसपेशियों में अकड़न बढ़ने लगती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शरीर का वजन जितना अच्छा नियंत्रित रहेगा जोड़ों में होने वाली समस्याओं से आप उतने बेहतर तरीके से बचे रह सकते हैं।

### 2. आहार में सुधार

कम उम्र से आहार का ध्यान रखकर भी आप जोड़ों में होने वाली समस्याओं के खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं। एवोकाडो और सोयाबीन तेलों का मिश्रण यूरोप में घुटने और कूल्हे के ऑस्टियोआर्थराइटिस के इलाज के लिए व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। यह एंटी-इफ्लामेटरी के रूप में कार्य करता है और अध्ययनों से पता चला है कि इससे जोड़ों की क्षति को धीमा करने या रोकने में भी मदद मिल सकती है।

### 3. नियमित व्यायाम करें

जोड़ों की समस्याओं से बचाव के लिए नियमित व्यायाम करना भी बहुत जरूरी है। हल्के स्तर वाले व्यायाम आपकी सहनशक्ति को बढ़ाने और जोड़ों के आस-पास की मांसपेशियों को मजबूत करने में लाभकारी हैं। पैदल चलना, साइकिल चलाना या तैराकी जैसे अभ्यास जोड़ों के दर्द से बचाने और गठिया जैसी समस्याओं को कम करने में आपके लिए बहुत लाभप्रद हैं। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने वालों में गठिया का खतरा कम देखा जाता रहा है।

## तेजी से वजन घटाने में मदद करता है देसी घी, बस इन बातों का रखें ध्यान

देसी घी का नाम सुनने से लगता है कि इसे खाने पर तो वजन बढ़ना तय है। बस इसलिए कुछ लोग वजन घटाने के दौरान इसका इस्तेमाल करने से परहेज करते हैं। आज हम आपको देसी घी की मदद से वजन घटाने के बारे में बताने वाले हैं।

देसी घी भारतीय रसोई की शान है। दाल में जब देसी घी का छौंका लगाया जाता है तो, किचन के साथ-साथ पूरे घर में इसकी भीनी-भीनी महक फैल जाती है। भूख ना लगी होने पर भी खाने को दिल मचल जाता है। देसी घी बेहद स्वादिष्ट होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी बहुत ही लाभकारी होता है। हालांकि इसमें फैट अधिक पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका अधिक इस्तेमाल करने से शरीर का फैट बढ़ने लगता है। इसी वजह से आजकल लोगों ने खाने में घी तेल का इस्तेमाल करना थोड़ा काम कर दिया है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि देसी घी में फैट अधिक होने के बावजूद इसकी मदद से वजन को घटाया जा सकता है। तो चलिए इसे खाने का सही तरीका जानते हैं।



### रोजाना उचित मात्रा में खाएं घी

घर पर बनाए गए शुद्ध देसी घी में लिनोलिक एसिड और सैचुरेटेड फैट प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। जो शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करके जिद्दी फैट को काटने का काम करता है। नियमित रूप से दाल रोटी के साथ घी की एक निश्चित मात्रा खाने से शरीर को जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। घी खाने से कब्ज की समस्या खत्म होती है शरीर से हानिकारक तत्व बाहर निकलते हैं और इसके साथ ही वजन भी कम होता है।

### घी करता है फैट बर्निंग का काम

घी में मौजूद कॉन्जुगेटेड लिनोलिक एसिड (सीएलए), मुख्य रूप से फैट बर्निंग का काम करता है। कई स्टडीज में भी यह बात प्रूव हुई है। रोजाना घी खाने से शरीर के पुराने जिद्दी फैट ब्रेकडाउन होते हैं और नई फैट सेल्स का निर्माण रुकता है। इस तरह से अपनी डेली डाइट में घी को शामिल करके अपने वजन को कंट्रोल में रखा जा सकता है। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि आपके नियमित आहार में जी की एक निश्चित मात्रा ही शामिल हो। घी का अत्यधिक सेवन करना फायदे की जगह नुकसान देगा।

## क्या आप भी आए दिन रहते हैं बीमार कहीं वास्तु दोष तो नहीं है इसका कारण

वास्तु शास्त्र में घर से जुड़े कई नियम बताए गए हैं। इसमें विस्तार से हर दिशा का महत्व बताया गया है। वास्तु शास्त्र में इस बात की जानकारी भी मिलती है कि आपका घर किस दिशा में होना चाहिए और किस दिशा में नहीं। दिशाओं के आधार पर ही वास्तु दोष की जानकारी भी मिलती है। वास्तु दोष दूर करने के कुछ नियम भी बताए गए हैं। हालांकि इन नियमों का पालन करने और घर का वास्तु होने से जीवन में सौभाग्य और समृद्धि आती है, लेकिन वास्तु में कमियों के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। अगर आपके परिवार में आए दिन कोई सदस्य बीमार रहता है तो इसका कारण वास्तु दोष हो सकता है। अगर घर का कोई सदस्य किसी बीमारी से पीड़ित है तो घर के वास्तु का ध्यान रखना जरूरी है। अगर घर की उत्तर-पूर्व दिशा में वास्तु दोष हो तो घर में कोई न कोई बीमारी रहती है। आइए जानते हैं कि वास्तु दोष कब होता है और इससे बचने के उपाय क्या हैं।



### वास्तु नियम

घर के उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण में पानी का होना जरूरी है।
दक्षिण-पश्चिम दिशा में पानी नहीं होना चाहिए।
उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा में इनवर्टर जैसी भारी वस्तुएं रखने से बचें।
यदि इन क्षेत्रों में वास्तु दोष है तो घर बीमारी का कारण बन सकता है।

### दवा को लेकर वास्तु नियम

यदि घर में बीमारी हो तो दक्षिण दिशा की ओर मुंह करके दवाइयां न रखें। दवाइयों को उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा में रखना बेहतर होता है। दवाइयों को रखने के लिए उत्तर-पूर्व दिशा भी उचित है। वहीं, अगर आप लिक्विड मेडिसिन ले रहे हैं तो उसके लिए पूर्व और उत्तर में रखें। दवाइयों को कभी भी दक्षिण पूर्व अर्थात आग्नेय कोण में नहीं रखना चाहिए।

### पानी को लेकर वास्तु नियम

दक्षिण और पश्चिम दिशा के बीच में नल जैसा कोई जल स्रोत नहीं होना चाहिए। यहां सिंक या वॉशिंग मशीन नहीं रखनी चाहिए। यहां पानी की मौजूदगी गृहस्वामी के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालती है।

## पीतल के बर्तन में चाय बनाकर पीने से सेहत को मिलते हैं कई फायदे

पीतल के बर्तनों में मौजूद पोषक तत्व पके हुए खाने के साथ सीधे शरीर में प्रवेश करते हैं, जो शरीर को सेहतमंद बनाते हैं। आइए जानते हैं पीतल के बर्तन में चाय बनाकर पीने से सेहत और त्वचा को मिलते हैं क्या गजब के फायदे। सुबह की फ्रेश शुरूआत करने से लेकर दिनभर की थकान मिटाने तक के लिए, हम भारतीय चाय की चुस्की लेने का कोई बहाना नहीं छोड़ते हैं। बावजूद इसके ज्यादातर लोगों को चाय बनाने का सही तरीका मालूम नहीं होता है।

### इम्यूनिटी बनती है स्ट्रांग

पीतल के बर्तन में रात भर रखे पानी को सुबह खाली पेट पीने से शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत बनाता है। जिससे शरीर को कई तरह की बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलती है। ठीक इसी तरह जब पीतल के बर्तनों में खाना पकाकर खाया जाता है तो भी यह शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने में मदद करता है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** पीतल के बर्तन में चाय बनाकर पीने से पाचन क्रिया बेहतर होती है। इसमें मौजूद पोषक तत्व भोजन अच्छी तरह पचाकर कब्ज जैसी समस्या में राहत पहुंचाते हैं।



### सलाह

-पीतल के बर्तनों में कभी भी एसिडिक फूड्स जैसे नींबू, टमाटर न पकाएं। ऐसा भोजन जिसमें खट्टे तत्व या एसिड मौजूद हों, पीतल के बर्तन में पकाने से शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं।
-पीतल के बर्तनों में पका खाना सेहत को फायदा पहुंचाता है, बावजूद इसके इन बर्तनों में खाना पकाने और खाने से पहले एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। ताकि आप हर तरह के साइड इफ़ेक्ट से बचे रहें।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## आयरन मैन से पहले मार्वल में अलग भूमिका में थे रॉबर्ट डाउनी

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर मल्टीवर्स में खलनायक की भूमिका निभा सकते हैं।



अकादमी पुरस्कार विजेता रॉबर्ट डाउनी ने पहली बार 2008 की फिल्म 'आयरन मैन' में टोनी स्टार्क की भूमिका निभाई थी। निर्देशक और सह-कलाकार जॉन फेवरोउ ने एमसीयू टाइटल के उद्घाटन की 15वीं वर्षगांठ के अवसर पर खुलासा किया कि डाउनी जूनियर ने 2005 की 'फैंटास्टिक फोर' के लिए भी ऑडिशन दिया था। उन्होंने केविन फीगे के बारे में याद करते हुए बताया, 'मुझे याद है कि आप सभी डॉक्टर डूम या किसी अन्य प्रोजेक्ट के लिए उनसे मिल चुके थे। मुझे लगता है कि वह शायद फैंटास्टिक फोर में भी काम कर चुके थे। इसलिए हर कोई जानता था कि वह कौन हैं।' डॉक्टर डूम का किरदार जूलियन मैकमोहन ने निभाया था। जॉन फेवरोउ ने आयरन मैन में डाउनी जूनियर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह पहेली का वह टुकड़ा हैं, जिन्होंने सब कुछ संभव कर दिखाया। उन्होंने कहा, 'मुझे याद है कि मैं उस लड़के के साथ बैठा था और मैंने सोचा कि उसकी आंखों में चमक है और वह तैयार है।' जॉन फेवरोउ ने आगे कहा, 'जब वह मेरे साथ थे। तब मेरी जिंदगी बहुत आसान हो गई। क्योंकि वह किरदार की आवाज थे।' केविन फीगे ने एमसीयू की सफलता का श्रेय फेवरोउ और डाउनी जूनियर के काम को दिया।

### टॉलीवुड

## वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म बनी इंडियन 2

**मुंबई।** कमल हासन की 'इंडियन 2' ने अपने पहले वीकेंड में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की। वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन



अच्छा रहा। 'इंडियन 2' ने अपने शुरुआती सप्ताहांत में दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ की कमाई कर ली है और यह 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म बन गई है, जिसने विजय सेतुपति की एक्शन फिल्म महाराजा को सिर्फ तीन दिनों में पछाड़ दिया है। कमल हासन की इस फिल्म ने तीन दिनों में लगभग 109 करोड़ रुपए की कमाई की है। यह विजय सेतुपति की फिल्म से थोड़ा ज्यादा है, जिसने दुनिया भर में अपनी स्क्रीनिंग के दौरान लगभग 105 करोड़ रुपए की कमाई की थी। दरअसल, एस शंकर द्वारा निर्देशित इंडियन 2 ने मिश्रित से लेकर नकारात्मक प्रतिक्रियाओं के कारण सप्ताहांत में निरंतर गिरावट देखी, लेकिन दुनियाभर में 100 करोड़ को पार करने के लिए पर्याप्त कमाई की। भारत में फिल्म ने अनुमानित 69 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की और विदेशों में इसने अनुमानित 40 करोड़ की कमाई की, जो कि दुनिया भर में 109 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गई, जिसने महाराजा के 105 करोड़ रुपए की सकल कमाई को पछाड़ दिया। फिल्म के 69 करोड़ के घरेलू कलेक्शन में तमिलनाडु में अनुमानित 35.50 करोड़ रुपए और तेलुगु राज्यों में 17 करोड़ शामिल हैं। भाषा के हिसाब से मूल तमिल संस्करण ने अनुमानित 48.50 करोड़ रुपये से की कमाई की, उसके बाद तेलुगु में 16 करोड़ रुपये से ज्यादा और हिंदी में 4.50 करोड़ रुपए की कमाई हुई।

### भोजपुरी

## मरून कलर सड़िया के बाद आम्रपाली के नगीनिया ने मचा डाली धूम



**नई दिल्ली।** इन दिनों यूट्यूब से लेकर इंस्टाग्राम रील्स तक पर भोजपुरी फिल्म फसल के सॉन्ग मरून कलर सड़िया की धूम मची हुई है। आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का यह गाना खूब सुना जा रहा है और पसंद भी किया जा रहा है। आम्रपाली दुबे को अगर भोजपुरी फिल्मों और म्यूजिक एल्बम की दुनिया में डांसिंग क्वीन कहें तो कुछ गलत नहीं होगा. अब यूट्यूब क्वीन के नाम से मशहूर आम्रपाली दुबे का नया भोजपुरी सॉन्ग नगीनिया भी खूब पसंद किया जा रहा है। इस गाने में आम्रपाली दुबे को लाल साड़ी में देखा जा सकता है और उनके इस अंदाज को भी फैन्स का खूब प्यार मिल रहा है। यूट्यूब पर भोजपुरी सॉन्ग नगीनिया 51 लाख व्यूज हासिल कर चुका है। आम्रपाली दुबे का भोजपुरी सॉन्ग नगीनिया यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। ये टी-सीरीज हमार भोजपुरी चैनल पर रिलीज हुआ है। इस भोजपुरी गाने में आम्रपाली दुबे एकदम देसी अंदाज में दिख रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे ने लाल रंग की साड़ी पहनी है। इसके अलावा भी गाने में आम्रपाली दुबे अलग-अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। ये कहना गलत नहीं होगा कि उनका हर लुक बहुत ही कमाल का है। इस गाने को गाया है प्रिया मलिक ने। आम्रपाली दुबे का ये गाना अब तक यू ट्यूब पर 51 लाख से ज्यादा हिट्स हासिल कर चुका है। गाने की बात करें तो ये गाना मशहूर पूरबी सम्राट महेंद्र मिसिर की एक रचना पर बेस्ड है। जिसे आम्रपाली दुबे और प्रिया मलिक ने बहुत खूबसूरती से रीक्रिएट किया है। गाने को कोरियोग्राफ किया है आकाश और रिक्की जायसवाल ने.डायरेक्टर हैं अपूर्व बजाज. गाने को संगीत दिया है एलके लक्ष्मीकांत ने। गाना में कुछ एडिशनल लिरिक्स भी डाली गई हैं जिन्हें रचा है पंकज नारायण ने।

### लाइफ स्टाइल

## जंपसूट में मोनालिसा ने बढ़ाई फैंस की हार्टबीट

मोनालिसा लाइट ग्रीन कलर के सिंगल स्ट्रेप वाले जंपसूट में बेहद गॉर्जियस लग रही हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने हमेशा की तरह एक बार फिर अपने किलर लुक से इंटरनेट पर सुर्खियां बटोरना शुरू कर दिया है। इन लेटेस्ट फोटोज में मोनालिसा का बिंदास अंदाज देख फैंस ने तारीफों की झड़ी लगाना शुरू कर दिया है। इन तस्वीरों में मोनालिसा किसी टेरेस पर ये फोटोशूट करवाती नजर आ रही हैं, जहां वो एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं। वो लाइट ग्रीन कलर के सिंगल स्ट्रेप वाले जंपसूट में बेहद गॉर्जियस लग रही हैं। अपने इस स्टनिंग लुक को इयररिंग्स, रिंग्स और ब्लैक हाई हील्स के साथ एक्सेसराइज किया। साथ ही मोनालिसा जमकर अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।



## जब भी पहनेंगी ये 4 रंग की ड्रेस, पार्टी में हर कोई आपको ही देखेगा

जब भी घर में कोई फंक्शन या शादी-पार्टी होती है तो तैयारियां कुछ हफ्तों पहले से ही शुरू हो जाती हैं। अक्सर इसके लिए हम इंटरनेट पर चीजें ढूंढना, ड्रेसेस देखना शुरू कर देते हैं। सिर्फ इंटरनेट ही नहीं, कई बार किसी और को सुंदर ड्रेस में देख, हम भी खुद के लिए उसी कलर और स्टाइल का ड्रेस लेने का मन बना लेते हैं। लेकिन कभी आपने इस बात पर गौर किया है कि ये कलर आपके स्किन टोन पर सूट करेगा या नहीं? दरअसल, हर कलर और उसके टोन या शेड्स कुछ स्किन कलर्स पर बेहद खूबसूरत लगते हैं। वहीं, कई बार अगर आप अपनी स्किन कलर से अलग रंग का ड्रेस चुन लेते हैं तो काफी मेहनत के बाद भी वो लुक निखर के नहीं आता। यानी आप जब भी ये रंग पहनेंगी, पार्टी में तो गदर कटने ही वाला है और हर कोई आपको ही देखेगा।



**बैंगनी या पर्पल कलर-** क्या आप अपनी बहन या भाई की शादी में अपने लहंगे का कौनसा कलर हो, ये चुनने की मशक्कत कर रही हैं। इसके लिए आप बैंगनी यानी पर्पल कलर को चुन सकती हैं। ये काफी रॉयल कलर लगता है। इस कलर में चाहे आप साड़ी पहनें या फिर लहंगा, हर स्टाइल जचेगा। कंगना रनौत ने भी अपने भाई की शादी में पर्पल कलर का ही लहंगा पहना था। आपका कॉम्प्लैक्शन चाहे फेयर हो या फिर डार्क, ये कलर हर इंडियन स्किन टोन पर सुंदर लगता है।

**नेचुरल रेड कलर-** लाल रंग तो एक ऐसा रंग है, जिसे चुनकर आप कभी गलती नहीं करेंगे। ये रंग आपके लुक को काफी बढ़ा देता है। अगर आपको कोई रंग समझ न जाए तो आप इस रंग का ड्रेस चुनकर कभी गड़बड़ नहीं करेंगी।

**टील या पीकॉक ब्लू** – दीपिका पादुकोण हों या फिर ऐश्वर्या राया और अनुष्का शर्मा। हर एक्ट्रेस ने जब भी ये कलर पहना है, वो बेहद खूबसूरत ही लगी हैं। आप भी अपने स्किन टोन पर इस रंग को जचता हुआ देख सकते हैं।

**मेलो रोज** – ये गुलाबी का सबसे हल्का शेड होता है। इसे आप कुछ-कुछ पीच कलर जैसा मान सकते हैं। ये रंग भी हर स्किन टोन पर सूट करता है। अगर आप दिन के फंक्शन के लिए कोई सूदिंग कलर ढूंढ रहे हैं तो ये रंग आपके ऊपर खूब जचेगा।

## छोटी है कद-काठी? इंडियन ड्रेसेस में दिखना है लंबा, तो अपनाएं टिप्स



फैशन


क्या आपने कभी कोई ड्रेस किसी मॉडल या किसी एक्ट्रेस को देखकर सिलवाई या खरीदी है पर जब आप उसे पहनती हैं तो वो उतनी नहीं जचती जितनी उसपर खिल रही थी। इसकी वजह है कि आपकी लंबाई। दरअसल, कई बार दूसरों पर सुंदर लगने वाली ड्रेस खरीद लेते हैं, लेकिन कम हाइट की वजह से वो ड्रेस जचती नहीं है। लेकिन, अगर आप कुछ स्टाइलिंग टिप्स का ध्यान रखेंगी तो आप अपने ड्रेस में पहले से लंबी नजर आएंगी। आजकल कई तरह के लोअर्स के डिजाइन आपको देखने को मिलते हैं, जैसे शरारा, गरारा, प्लाजो, पेंट्स वगैरह-वगैरह। लेकिन अगर आप अपने कुर्ते के साथ गलत लोअर पहनते हैं तो भी आपकी हाइट कम लगने लगती है। आइए आपको बताते हैं कि आपको कौन से लोअर्स चुनने चाहिए, जो आपकी हाइट को कई गुना बढ़ा देंगे।

1. **सबसे** पहले ध्यान न रखें कि आप कोशिश करें तो एक ही कलर का पूरा ड्रेस पहनें। इससे व्युजली ये प्रभाव बनता है कि आप लंबे है। लेकिन, वहीं जब आप अलग कलर का कुर्ता और लोअर पहने हैं तो जहां कलर खत्म होता है, वहां एक विजन ब्रेक होता है।
2. **अब** हमेशा ही एक ही तरह के कलर भी नहीं पहने जा सकते। मोनोटोन पहन-पहन कर भी आप बोर हो सकते है। तो ऐसे में आप ओम्ब्रे इफेक्ट वाले कपड़े पहन सकते है। यानी जब आप किसी डार्क कलर का उसी के लाइट कलर के साथ मिक्स ऐंड मैच करते हैं तो उसे ओम्ब्रे इफेक्ट कहते है।
3. **कई** बार आप एक ही कलर का आउअफिट पहने हैं, लेकिन उसमें भी गड़बड़ हो जाती है। ऐसे ड्रेसेस में हम बड़े-बड़े चौड़े बॉर्डर ले लेते है। कुर्ते के हेमलाइन पर या अनारकली के घेरे पर भी इस तरह के बॉर्डर बने होते है। ये आपके विजन को ब्रेक करते हैं और इससे आपकी हाइट कम लगने लगती है। आप कोशिश करें तो चौड़े के बजाए पतला बॉर्डर है।
4. **लोअर्स** की बात करें तो अगर आपका कद कम है तो आप कभी भी एंकल लेंथ या उससे ऊपर खत्म होने वाले लोअर न पहनें। क्योंकि, आपकी लोअर की हाइट जहां तक होगी, आपकी हाइट भी वहीं तक डिफाइन नजर आएंगी।
5. **फेब्रकि** की बात करें तो अगर आप लोअर बनवा रहे हैं तो थोड़ा सोफ्ट फेब्रकि चुनें। आप सिल्क या रॉसल्कि वाले लोअर न बनवाएं। वहीं, आप क्रेप, पोलिस्टर, जॉर्जेट या शिफॉन में फेब्रकि चुनेंगे तो आपकी हाइट ज्यादा दिखाने मदद मिलेगी। लोअर में 2 चीजों का ध्यान रखें कि एक तो ये आपके कुर्ते के या टॉप के सिमिलर टोन में हो और इसपर ज्यादा चौड़े बॉर्डर न हों।



## एक्ट्रेसेज की हेयरस्टाइल है खास आप भी कर सकती हैं ट्राई

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में कपड़ों से लेकर ज्वैलरी का गजब कलेक्शन देखने को मिला। लेकिन साथ ही दिखी गॉर्जियस हेयरस्टाइल। सिंपल, वेवी कर्ली बालों को छोड़ ज्यादातर हसीनाएं बन और चोटी में रेडी दिखीं। तो अगर आप भी शादी में तैयार होने वाली हैं तो इन खूबसूरत हेयरस्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। बाल अगर लंबे हैं तो जाह्नवी कपूर की तरह लहंगे के साथ चोटी बनाकर रेडी हो सकती हैं। बालों को हल्का सा कर्ल कर उन बालों को फ्रंट पार्टीशन में डालकर चोटी पूरा नीचे तक बनाएं और फिर गोल्डन गोटे से सजाएं। इस तरह की चोटी में मांगटीका और ईयरसपोर्टर दोनों को फिक्स करना आसान होगा और लुक भी खूबसूरत दिखेगा। शरवरी वाघ की तरह बालों में मेसी चोटी बनाकर उसमे जाडा का साउथ इंडियन स्टाइल की एक्सेसरीज को फिक्स करें। फ्रंट से सेंटर पार्टिशन करके बालों को सेट करें। ये काफी खूबसूरत लुक देगा।



### अनन्या पांडे की तरह स्लीक लुक

बालों को स्ट्रेटनर से बिल्कुल स्ट्रेट कर लें और फिर हाफ बालों को पिन की मदद से टक करें। या फिर शनाया कपूर की तरह बालों को कर्ल कर उसमे हाफ बालों को लेकर गजरा लगाएं। बन का फैशन कभी आउट नहीं होता। मिड हाई रेंज पर बन बनाएं और जान्हवी कपूर की तरह कलरफुल फूलों से सजाएं।

## चेहरे पर लगाती हैं बेसन तो इन बातों का रखें खास ध्यान, वरना होगी बड़ी परेशानी

जब भी बात स्किन केयर की आती है तो हर कोई बाजार में मिलने वाले रेडीमेड प्रोडक्ट का जिक्र करता है। बहुत से लोगों के लिए तो ये प्रोडक्ट काफी फायदेमंद रहते हैं लेकिन कई लोगों को यह सूट नहीं करते। ऐसे में बहुत से लोग तो घरेलू नुस्खों पर ही भरोसा करते हैं। वह आज भी अपनी त्वचा को जवां बनाए रखने के लिए दादी नानी के बताए हुए घरेलू नुस्खे आजमाते हैं।

आपने अक्सर लोगों को कहते सुना होगा कि बेसन त्वचा के लिए काफी लाभदायक है। हर घर में बेसन पाया जाता है, जिस वजह से लोग बिना सोचे समझे बेसन का इस्तेमाल त्वचा की रंगत सुधारने में करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपकी त्वचा के लिए बेसन



काफी हानिकारक भी साबित हो सकता है।

**स्किन टाइप का रखें ध्यान:** बेसन हर प्रकार की त्वचा के लिए सही नहीं होता। यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो पहले पैच टेस्ट करें। उसके बाद ही बेसन का इस्तेमाल करें। इसके इस्तेमाल से पहले स्किन टाइप का ध्यान जरूर करें। इसका ध्यान न रखने पर चेहरे पर रैशेज हो सकते हैं।

**मॉइस्चराइजर का उपयोग करें :** बेसन से त्वचा सूख सकती है, इसलिए इसके इस्तेमाल के बाद चेहरे पर अच्छी क्वालिटी का मॉइस्चराइजर लगाना न भूलें।

**सिर्फ बेसन न लगाएं :** कभी भी बेसन को सीधा चेहरे पर न लगाएं। इसके इस्तेमाल के लिए इसमें दही या दूध मिलाएं। यह त्वचा को नमी प्रदान करता है और उसे मुलायम बनाता है।

**समय का रखें ध्यान :** बेसन का पेस्ट अधिक समय तक चेहरे पर न छोड़ें। इसे 10-15 मिनट तक ही रखें और फिर हल्के गुनगुने पानी से धो लें। ज्यादा समय तक अगर इसे चेहरे पर लगाकर रखेंगी तो आपकी त्वचा ड्राई हो सकती है। बेसन का पेस्ट सप्ताह में 2-3 बार ही लगाएं। अधिक बार लगाने से त्वचा को नुकसान हो सकता है।

### कार्नर न्यूज

### बदलते मौसम और लगातार सफर करने से त्वचा काफी डल होने लगती है

## बारिश में ट्रिप पर जाने का है प्लान तो अपने साथ जरूर रखें ये स्किन केयर प्रोडक्ट

*बारिश के मौसम में घूमने का अपना अलग ही मजा होता है। हम जब भी घूमने जाते हैं तो जगह के हिसाब से कपड़े अपने साथ रख लेते हैं लेकिन त्वचा का ध्यान रखने के लिए हमारे पास प्रोडक्ट नहीं होते। जबकि ये आपको पता होना चाहिए कि हर जगह के मौसम में काफी अंतर होता है, जिसका असर आपकी त्वचा पर पड़ता है। बदलते मौसम की वजह से और लगातार सफर करने की वजह से त्वचा काफी डल होने लगती है।*



### ताजगी से भरा

अगर आप सफर के समय अपनी त्वचा का ध्यान नहीं रखेंगे तो तस्वीरों में भी आपकी त्वचा डल दिखाई देगी। ऐसे में आपको यह पता ना बहुत जरूरी है कि बारिश के मौसम में सफर करते वक्त आपके कौन-कौन से स्किन केयर प्रोडक्ट अपने साथ रखने हैं। यहां कुछ ऐसे प्रोडक्ट्स की सूची दी गई है जो आपकी त्वचा को बारिश के मौसम में सुरक्षित और ताजगी से भरा रखेंगे।

### क्लींजर और फेस वॉश

इस मौसम में चेहरे को साफ रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में अपने लिए हल्का और जेंटल क्लींजर चुनें जो त्वचा को साफ रखे और अतिरिक्त तेल को हटाए। एक फेस वॉश को भी अपने साथ लेकर जाएं।

### मॉइस्चराइजर

अपनी त्वचा के हिसाब से ही एक मॉइस्चराइजर बैग में जरूर रखें जो त्वचा को हाइड्रेट रखे। ध्यान रखें कि ये चिपचिपा नहीं होना चाहिए।



### सनस्क्रीन

बारिश में भी यूवी किरणें आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं, इसलिए वॉटर-रेसिस्टेंट सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। चाहें को जेल बेस्ड सनस्क्रीन का इस्तेमाल भी आप कर सकती हैं।



### टोनर

सफर में आपके पास एक एंटी-बैक्टीरियल और पोर्स टाइटनिंग टोनर जरूर होना चाहिए। ये आपकी त्वचा को ताजगी और स्फूर्ति देता है।